श्री श्रीश चन्द्र दीक्षित

मुख्य परामर्शदाता
पूर्व सांसद व पूर्व पुलिस महानिदेशक

श्री भारतेन्दु प्रकाश सिंघल

राष्ट्रीय प्रधान
पूर्व सांसद (राज्य सभा) व पूर्व पुलिस महानिदेशक

मे . ज . (से दृ नि .) विश्वास स . जोगलेकर
राष्ट्रीय कार्यकारी प्रधान

संपादक
प्रो0 सतीश चन्द्र
संपादक मंडल

डॉ महेश चन्द्र
देवेन्द्र मित्तल, रामाश्रय उपाध्याय
प्रो0 श्री धर पन्त, डॉ0 रामशरण गौड़

प्रकाशक व मुद्रक
देवेन्द्र मित्तल (उपप्रधान)
प्रकाशन स्थान
3308, सेक्टर–डी–3 वसंत कुंज,
नई दिल्ली – 110070

SUBSCRIPTION RATE

Inland	:	Life Rs. 800/-
		Annual 100/-
Overseas	:	Life US$ 100
		Annual US$ 10
Per copy	:	£1 $1.50, IRs 15

ADVERTISEMENT TARIFF

Outer Cover	**:**	**Rs.**	**15000/-**
Inner Cover	**:**	**Rs.**	**12,000/-**
Full Page	**:**	**Rs.**	**10,000/-**
Half Page	**:**	**Rs.**	**5,000/-**

Payable by MO/Bank Draft/Crossed
Cheque in the name of
Sanskritik Gaurav Sansthan
3308- Sector-D, Vasant Kunj,
New Delhi-110070

एक्सेलप्रिन्ट, सी–36, फ्लैटिड फैक्टरीज़ कॉम्पलैक्स, झण्डेवालान्, नई दिल्ली–110 055

PDF Created with deskPDF PDF Writer - Trial :: http://www.docudesk.com

G A U R A V   G H O S H

BI-MONTHLY

वर्ष 9 अंक 3 विषय सूची फाल्गुन–चैत्र – 2064 वि मार्च 2008

पालीताणा की हुतात्मा 5

क्षीर सागर से मिली शेषनाग की शय्या 7

राम और रामसेतु का संबंध पुराणों से : डॉ. कर्ण सिंह 7

भगवान् श्रीराम के 73 पूर्वजों की जानकारी वाली पाण्डुलिपि मिली 8

दुनिया भर को 'रामायण की लंका' का न्यौता 9

सिन्धु सभ्यता से भी जुड़ा कृष्ण का नाम 9

कहो गर्व से हम हिन्दू हैं - बौद्धमत और सनातन धर्म में ऐक्य 10

उत्तर भारत एवं दक्षिण भारत की भाषाओं का अंतर्संबन्ध

-डॉ. रामशरण गौड़ 11

मेघालय सरकार ने शिक्षा विभाग ईसाई मिशनरियों को सौंपा 14

विकास का अमानवीय चेहरा 14

रोमिला थापर और भारत की छवि *-हरिकृष्ण निगम* 15

चीन से रिश्ता 18

घड़ियाली आँसू 19

तीसरी सबसे बड़ी ऊर्जा संपदा का सवाल 19

कश्मीर में अब मंदिरों पर कब्जे का दौर 21

जम्मू-कश्मीर में जिहादी हिंसा-आंकड़ों की नजर से 22

मुस्लिम पीड़ितों को राहत, हिन्दुओं को कोरे वायदे 23

जम्मू-कश्मीर में तेजी से पनपता हवाला कारोबार 24

पुस्तक समीक्षा - 'हिन्दू समाज संकटों के घेरे में',

'अलख' (कविता संग्रह) 25

Iran & Arabs : A brief Historical perspective 28

Economic scene : ABC of recession 30

Uncalled for apology ***-Prafull Goradia*** 30

What Gujarat thinks today... ***-Ashok Malik*** 32

Is Gujarat India ? 33

Sarkari-Sect ***- Dr. Y.K.Sharma*** 35

Secular means anti-Indian ***- Indulata Das*** 36

News through statistics 37

Diary of Events, Select Articles and Book Reviews 39

O W N E R : S A N S K R I T I K G A U R A V S A N S T H A N

Phone : 26195368, 26181315 E-mail sgsdelhi05@gmail.com

PDF Created with deskPDF PDF Writer - Trial :: http://www.docudesk.com

____*संपादकीय*

भारतीय संस्कृति - विरोध की निरंतरता

दिल्ली विश्वविद्यालय में इतिहास की बी.ए. (पास) प्रथम वर्ष और बी.ए.(ऑनर्स) के इतिहास के द्वितीय वर्ष में जो कुछ पढ़ाया जा रहा है, वह निम्नलिखित है :-

<u>बी.ए. (आनर्स) इतिहास</u>

1. रावण और मंदोदरी की कोई संतान नहीं थी। दोनों ने शिवजी की पूजा की। शिवजी ने उन्हें पुत्र प्राप्ति के लिए आम खाने को दिया। गलती से सारा आम रावण ने खा लिया और उसे गर्भ ठहर गया। बड़ी स्वच्छन्दता से रावण के नौ मास के गर्भधारण की व्यथा का वर्णन किया गया है।
2. दु:ख से बेचैन रावण ने छींक मारी और सीता का जन्म हुआ। सीता रावण की पुत्री थी। उसने उसे जनकपुरी के खेत में त्याग दिया।
3. हिन्दुओं की मति भ्रमित करने के लिए कहा गया है कि हनुमान छुट भैया एक छोटा-सा बन्दर था। हनुमान की अवमानना करते हुए लिखा गया है कि वह एक कामुक व्यक्ति था। वह लंका के शयनकक्षाओं में झांकता रहता था और वह स्त्रियों और पुरुषों को आमोद-प्रमोद करते हुए बेशर्मी से देखता फिरता था।
4. रावण का वध राम से नहीं लक्ष्मण से हुआ।

<u>बी.ए. (पास) प्रथम वर्ष</u>

6. ऋग्वेद में कहा गया है कि स्त्रियों का स्थान शूद्रों तथा कुत्तों के समान है।
7. स्त्रियों को वेद पढ़ने-पढ़ाने का कोई भी अधिकार नहीं था और न ही वह धार्मिक क्रिया कर्म कर सकती थीं।
8. अथर्ववेद में महिलाओं को केवल संतान उत्पन्न का साधन माना जाता था।
9. लड़कियां उनके लिए अभिशाप थीं।
10. स्त्रियां एक वस्तु समझी जाती थीं उन्हें खरीदा तथा बेचा जा सकता था।

यह सब भारत की अधिकांश जनता और विशेषत: हिन्दुओं की सहनशीलता का चीरहरण है, क्योंकि लेखकगण/संकलक यह जानते हैं कि संपूर्ण समाज, जिसके लिए श्रीराम और भगवती सीताजी लाखों वर्षों से अराध्य हैं, वह अति सहनशील है। ऐसा नहीं है कि इसके विषय में विद्वानों ने दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति का ध्यान आकर्षित न किया हो, किन्तु अनर्गल उत्तर देकर उपरिलिखत अश्लील वाक्यों को हटाया नहीं गया। मेरठ कॉलेज के राजनीति विज्ञान के पूर्व अध्यक्ष डॉ. के.सी.गुप्ता (पता : 87, गोल्डन एवेन्यु-1, रुड़की रोड, मेरठ) ने यह ज़ोर देकर लिखा कि ऐसे वाक्यों से क्या रामायण की पूरी कथा उपहास बनकर नहीं रह जाएगी? क्या शिष्टता के हित में ऐसे वाक्य हटाए नहीं जा सकते? उन्होंने यह भी लिखा कि यह तरीका विश्वप्रसिद्ध और अत्यंत प्रतिष्ठित कथा को पूरी तरह निरर्थक बना देने जैसा है।

'राष्ट्रीय सहारा' दिल्ली के दिनांक 11 फरवरी 2008 के अंक में इस पूरे प्रकरण को सविस्तार छापा गया है। इसके पश्चात् 28 फरवरी 2008 के दिल्ली से प्रकाशित 'राष्ट्रीय सहारा' में किन्हीं श्री अवनिजेश अवस्थी का विचारोत्तेजक लेख प्रकाशित हुआ है। उक्त लेख में स्तंभकार ने निम्नलिखित सूचनाएं दी हैं :-

विद्वान् स्तंभकार ने लिखा है - "हिन्दुस्तान की बाकी भाषाओं के संदर्भ में तो पता नहीं, हिन्दी में एक मुहावरा बहुधा प्रयोग में आता है - <u>'अपनी-अपनी रामकहानी'</u>। मुहावरों के निहितार्थ बड़े गहरे होते हैं, इसमें कोई संदेह नहीं। लेकिन इस मुहावरे के प्रचलित होने का एक कारण यह भी लगता है कि भारतवर्ष की <u>शायद ही कोई भाषा या बोली हो जिसमें रामकथा न कही गई हो-जिसकी अपनी रामकहानी (रामकथा) न हो</u>। यही नहीं, राम की लाला स्थली कहे जाने वाले भूभाग यानी वर्तमान उत्तर, मध्य और बिहार प्रदेश के लोकगीतों तक में रामकथा ही भरी पड़ी है। <u>सच्चाई तो यह है कि जन्म से लेकर मृत्यु तक कोई ऐसा प्रसंग, अवसर, त्यौहार और संस्कार नहीं जिसमें रामकथा न कही जाती हो।</u> इस रामकथा के संदर्भ में उल्लेखनीय बात यह है कि भारत के साथ ही समूचे दक्षिण पूर्व एशिया का कोई ऐसा देश नहीं

PDF Created with deskPDF PDF Writer - Trial :: http://www.docudesk.com

जिसकी अपनी रामकथा न हो–भारत की तो आर्य द्रविड़ कही जाने वाली सभी भाषाओं में रामकथा का सृजन हुआ ही है। सिर्फ स्मरण दिलाने के लिए यह उल्लेखनीय है कि फादर कामिल बुल्के नामक हिन्दी के विद्वान् ने भी रामकथा उत्पत्ति और विकास नामक शोध ग्रंथ तैयार किया था जो आज तक रामकथा के क्षेत्र में शोध का मानक है। और यह रामकथा है जिसके बारे में रामधारी सिंह दिनकर ने 'संस्कृति के चार अध्याय' नामक अपने ग्रंथ में, जिसकी प्रस्तावना पं. जवाहर लाल नेहरू ने लिखी थी, लिखा था–'किन्तु फिर भी इससे यह बात सरलता से सिद्ध हो जाती है कि रामकथा ने इस देश की संस्कृति की कितनी गंभीर सेवा की है, और कैसे इस कथा को लेकर सारा देश लगभग एक आदर्श की ओर उन्मुख रहा है। इसके साथ अगर तिब्बत, सिंहल, खोतान, हिन्द–चीन, श्याम, ब्रह्मदेश, कश्मीर और हिन्देशिया में प्रचलित रामकाव्यों की सारिणी मिला दें तो सचमुच ही यह मानना पड़ेगा कि रामकथा न केवल भारतीय वरन एशियाई संस्कृति का भी एक महत्वपूर्ण तत्व बन गई थी।"

मजे की बात यह है कि तीन सौ रामायण की चर्चा करने के नाम पर रामानुजम ने अपनी मर्जी से केवल पांच रामायणों को चुन कर बिना संदर्भों के रामकथा के संबंध में तमाम अनर्गल किस्सों की चर्चा की है।

स्पष्ट है कि दिल्ली विश्वविद्यालय प्रतिभाओं से खाली हो गया है और जैसे लोग सारे देश में कुर्सियों पर काबिज़ हैं, वैसे ही दिल्ली विश्वविद्यालय में भी हैं।

संपादक मंडल

PDF Created with deskPDF PDF Writer - Trial :: http://www.docudesk.com

पालीताणा की हुतात्मा

*-डॉ. रामसनेही लाल शर्मा**

गुजरात का छठवां सुल्तान महमूद बेगड़ा बड़ा क्रूर, निर्दय, धर्म द्रोही और दुर्दान्त शासक था। वह भयंकर हिन्दू विरोधी था। इसने अपने राज्य का बड़ा विस्तार किया। यह ऐसा भोजन भट्ट था कि इसके खाने की मात्रा को लेकर पूरे देश में अनेक किंवदन्तियां प्रचलित हो गई थीं। प्रसिद्ध उपन्यासकार वृन्दावनलाल वर्मा के अनुसार वह 150 केले, एक सेर मक्खन और एक सेर शहद तो जलपान में ही लेता था और पूरे दिन में लगभग एक मन अन्न खाता था। इसी महमूद बेगड़ा ने पावागढ़ और जूनागढ़ के किले जीत लिए। इन दोनों स्थानों और अपनी सेना के मार्ग में पड़ने वाले हिन्दू मंदिरों को उसने तोड़ डाला। निर्ममतापूर्वक हिन्दुओं का कत्लेआम करवाया और फिर उसकी सेना पालीताणा की ओर बढ़ने लगी। पालीताणा में जैनों का प्रसिद्ध तीर्थराज शत्रुंजय स्थित है। बेगड़ा उसी विशाल मंदिर को तोड़ने आ रहा था। पालीताणा के लोगों तक यह समाचार पहुँचा तो वे काँप गए। जैनों की एक बड़ी सभा हुई। शत्रुंजय को बचाने के उपाय सोचने लगे परन्तु उस दुर्दान्त आततायी के हाथों मंदिर को बचाने का कोई उपाय समझ में नहीं आया। जैन समाज किंकर्तव्यविमूढ़ हो गया। किसी बुद्धिमान जैन सज्जन ने कहा कि अब तक इस संकटकाल में शत्रुंजय की रक्षा केवल पालीताणा के ब्रह्मभट्ट ही कर सकते हैं। पालीताणा के ब्रह्मभट्ट बड़े धर्मप्राण, विद्वान्, संघर्षशील और हठी के रूप में प्रसिद्ध थे। जैन समाज के सभी संभ्रान्त जनों ने ब्रह्मभट्टों की शरण ली और उनसे अपने तीर्थराज को बचाने की प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि इस आततायी सुल्तान की सेना के सम्मुख हम जैन असहाय हैं। आप जैसे विद्वान् और धर्मरक्षक हमारे तीर्थ की रक्षा कीजिए। ब्रह्मभट्टों ने उन्हें शत्रुंजय की रक्षा का वचन दिया और सबसे वृद्ध ब्रह्मभट्ट ने उन्हें धर्म पर अपना बलिदान करने को प्रेरित किया। अहिंसक विरोध के द्वारा तीर्थराज की रक्षा का निश्चय हुआ क्योंकि रक्तलोलुप, धर्मद्रोही, क्रूर सेना का सशस्त्र विरोध कोई अर्थ नहीं रखता था।

दूसरे दिन निश्चित समय पर पालीताणा के एक हजार ब्रह्मभट्ट शत्रुंजय की तलहटी में एकत्र हुए। प्रत्येक बलिदानी ब्रह्मभट्ट श्वेत अंगरखा पहले चंदन चर्चित भाल और गले में रुद्राक्ष की माला धारण किए था। सबकी कटि में कटारें थीं। सुल्तान बेगड़ा को इन दृढ़ निश्चयी ब्रह्मभट्टों के तलहटी में एकत्र होने का समाचार मिल गया। अब बिना मंदिर तोड़े आगे बढ़ना उसे अपना अपमान लगा। वह सेना सहित तलहटी में पहुँचा। सबसे आगे घोड़े पर सवार बेगड़ा मंदिर की सीढ़ियों के नीचे तक चला आया। सर्वाधिक वृद्ध ब्रह्मभट्ट ने आगे बढ़कर उसकी प्रशंसा की और उससे ब्रह्मभट्टों के सम्मान की रक्षा का आग्रह किया परन्तु धर्मद्रोही बेगड़ा इसे सुनकर और अधिक क्रोधित हो गया। उसने सैनिकों को उस वृद्ध को घसीट कर रास्ते से हटाने का आदेश दे दिया। सिपाही आगे बढ़े परन्तु जब तक वे उस पवित्र वृद्ध का शरीर छूते उसने 'जय अम्बे' का वज्रघोष किया और कमर से कटार निकालकर अपने पेट में घोंप ली। रक्त का फव्वारा फूट पड़ा और खून की कुछ बूंदे सुल्तान के चेहरे पर भी पड़ीं। उस हुतात्मा के मृत शरीर को बगल में छोड़कर सुल्तान आगे बढ़ने को

PDF Created with deskPDF PDF Writer - Trial :: http://www.docudesk.com

तत्पर हुआ तभी अगली सीढ़ी पर खड़े दूसरे ब्रह्मभट्ट ने 'जय अम्बे' का प्रचण्ड उद्‌घोष कर कटार निकाल कर अपने पेट में घोंप ली। सुल्तान एक बार तो हतप्रभ रह गया और उसकी गति रुक गई। वजीर ने उसे ब्रह्मभट्टों की धर्मप्राणता और हठधर्मिता के विषय में समझाया। परन्तु अपने मुल्ला-मौलवियों का रुख देखकर सुल्तान मानने को तैयार नहीं हुआ। उसका अनुमान था कि दो-चार लोगों के मरने पर ब्रह्मभट्ट भयभीत होकर वहाँ से चले जाएंगे। वह आगे बढ़ा परन्तु तीसरी सीढ़ी पर एक कोमल कमनीय काया, कामदेव के सौन्दर्य को अपनी सुन्दरता लजाने वाला हँसता हुआ दृढ़ निश्चयी षोडष वर्षीय किशोर खड़ा था। सुल्तान जब तक उसके पास पहुँचे उसने 'जय अम्बे' का उद्‌घोष किया और कटार पेट में घोंप ली। उसके गर्म रक्त से सुल्तान सिर से पाँव तक नहा गया।

यह अकल्पनीय दृश्य देखकर सुल्तान महमूद बेगड़ा का कलेजा हिल गया। वह भीतर तक काँप गया। इन हुतात्माओं की आत्माहुति ने उसे झकझोर दिया। वह पीछे लौटा और उसने अपने सरदारों को आदेश दिया कि मार्ग में खड़े सभी ब्रह्मभट्टों को कैद कर लिया जाए। सुल्तान का आदेश का पालन करने के लिए उसका सरदार खुदाबन्द खान जैसे ही आगे बढ़ा कि एक सत्तर वर्षीय वृद्ध ने कटार से अपना पेट चीर डाला और अपनी आँतों की माला खुदाबन्द खान के गले में डाल दी। बौखलाकर सरदार ने माला अपने गले से उतार दी और अगली सीढ़ी पर खड़े जवान को पकड़ने को आगे बढ़ा। जब तक खुदा बन्दखान उसके पास पहुँचे कि उसने वज्रनिनाद में 'जय अम्बे' का घोष किया और कटार अपने पेट में घोंप ली। अब स्थिति यह हो गई कि ज्यों ज्यों बौखलाकर खुदाबन्द खान अगली सीढ़ी की ओर बढ़ता कि वहाँ खड़ा ब्रह्मभट्ट कटार से अपनी आत्माहुति दे देता था। इस तरह 8 लोगों ने बलिदान कर दिया। ब्रह्मभट्टों के इस रोमांचकारी अकल्पनीय आत्म बलिदान को देखकर खुदाबन्द खान भी काँप गया। वह पीछे लौटा और उसने सुल्तान बेगड़ा से लौट चलने की प्रार्थना की। क्रोधित और दिग्भ्रमित सुल्तान ने अपने खूंखार, निर्दयी और पाशविक वृत्तियों वाले सैनिकों को छाँटकर सभी ब्रह्मभट्टों को मारने का आदेश दिया। अब शत्रुंजय की सीढ़ियों पर 'भूतो न भविष्यति' जैसा महान् दृश्य था। महमूद के सैनिक जिस सीढ़ी के पास पहुँचते उसी पर खड़ा ब्रह्मभट्ट 'जय अम्बे' का तुमुलनाद कर आत्माहुति दे देता। इन वीर हुतात्माओं के इतने शव देखकर सुल्तान बेगड़ा घबरा गया। उसी समय एक ग्यारह वर्षीय सौन्दर्य की प्रतिमूर्ति वहाँ आई और उसने सुल्तान बेगड़ा की भर्त्सना करते हुए उसे धिक्कारा। उसने कहा, "अरे ! दुरात्मा महमूद तू तो गुजरात का पालक था फिर तू ही घातक कैसे बन बैठा। तूने अपनी धर्मप्राण जनता के खून से अपना कुल कलंकित कर लिया। यदि अभी भी तेरी प्यास नहीं बुझी तो देख एक हज़ार पालीताणा के और हज़ारों की संख्या नीचे तलहटी में खड़े ब्रह्मभट्ट अपना बलिदान देने को तत्पर खड़े हैं।" ऐसा कहते-कहते उस बालिका ने 'जय अम्बे' का जयघोष करके अपने हाथों से अपना मस्तक उतार कर फेंक दिया। इस असीम साहस की प्रतिमूर्ति नन्हीं बालिका की आत्माहुति देखकर सुल्तान काँप गया। उसके साहस ने जवाब दे दिया। उसने काँपते कण्ठ से अल्लाह से अपने अपराध की क्षमा याचना की और सेना को लौट चलने का हुक्म दिया। उसी दिन से महमूद बेगड़ा ने अपने राज्य मे किसी भी धर्म के धार्मिक स्थल को नष्ट करने पर प्रतिबंध लगा दिया।

शत्रुंजय तीर्थराज में 107 ब्रह्मभट्टों और एक कुमारी ने स्वेच्छा से आत्माहुति दी थी। उसी दिन से जैन समाज ने शत्रुंजय की पुरोहिती पालीताणा के ब्रह्मभट्टों को सौंप दी। शत्रुंजय का यह तीर्थराज आज भी हुतात्मा ब्रह्मभट्टों की जयकथा कह रहा है।

**86, तिलक नगर, बाईपास रोड, फीरोज़ाबाद-283 203*

PDF Created with deskPDF PDF Writer - Trial :: http://www.docudesk.com

भारतीय जीवन मूल्य

क्षीरसागर में मिली शेषनाग की शय्या

अमेरिका और फ्रान्स के वैज्ञानिकों ने संयुक्तरूप से शोध करके दुनिया के सामने हिन्दू-धर्मग्रंथों के इस कथन का प्रमाण प्रस्तुत किया है कि समुद्र की गहन गहराइयों में शेषनाग की शय्या है। विज्ञानियों ने इसे "सर्पेण्टाइन राक्स" की संज्ञा दी है। **शेषनाग की वेदों, पुराणों में वर्णित शय्या के समान ये चट्टानें 200 किलोमीटर के गोलार्द्ध में फैली हैं और एक के ऊपर एक उसी तरह कुण्डलीबद्ध हैं जैसे शेषनाग की शय्या।** चट्टानों की स्थिति के बारे में विज्ञानी कहते हैं कि ये चट्टानें उसी तरह नरम हैं जैसे सर्प की देह। विज्ञानी कहते हैं कि 60 कि.मी. की गहराई से 200 कि.मी. की गहराई तक ये चट्टानें कुण्डलीकार हैं और इन्हीं की नरमी के कारण जब कभी ये डोलती हैं तो धरती की गहराई की कठोर चट्टानों में कम्पन होता है। इन्हीं कठोर चट्टानों के कम्पन और सरकने के कारण धरती पर भूकम्प और सुनामी का कहर बरपा होता है।

अमेरिका के विज्ञानियों ने समुद्र की चट्टानों की स्थिति के बारे में शोध का कार्य 27 साल पहले प्रारंभ किया था। 16 साल पहले फ्रांस के विज्ञानियों के दल ने भी इसमें सहयोग किया। शोधपत्र में यह कहा गया कि सर्पेण्टाइन राक्स ही वह असली वजह है जिसके कारण धरती की सतह में स्थित विशाल चट्टानों में उथल-पुथल होती है। इसी उथल-पुथल के कारण धरती पर भूकम्प आते हैं। इन दो देशों के संयुक्त शोध के साथ ही जर्मनी के विज्ञानियों ने भी एक शोध पत्र प्रस्तुत किया है, जिसमें कहा गया है कि धरती की भीतरी सतह में स्थित गोलाकार चट्टानें कई परतों में हैं और 2000 कि.मी. तक पाई जाती हैं। इन तीन देशों के विज्ञानियों के शोध की दिशा वही है, जो हिन्दू धर्मग्रन्थों खास कर श्रीमद्भागवत और अन्य पुराणों में लिखा हुआ है, कि धरती का भार शेषनाग धारण किए हुए हैं। शेषनाग जब कभी करवट बदलते हैं, डोलते हैं तो धरती काँप उठती है। यही कम्पन भूकम्प के रूप में हमारे सामने आते हैं। विदेशी विज्ञानियों के इस शोध से वैज्ञानिक पुष्टि हुई है कि हिन्दू धर्मग्रन्थों में लिखी बातें कपोलकल्पित नहीं हैं। **हमारे ऋषि-मुनि वास्तव में शोधकर्त्ता**

PDF Created with deskPDF PDF Writer - Trial :: http://www.docudesk.com

वैज्ञानिक थे और उन्होंने अपने दीर्घ अन्वेषण के आधार पर जो निष्कर्ष निकाले थे, वे अकाट्य हैं। उन अकाट्य प्रमाणों की अब तक खिल्ली उड़ाने वाले मीडिया और छद्म सेक्युलरवादी लोग दाँतों तले अँगुली दबाये बैठे हैं। अब उन्हें बोलते नहीं बन रहा कि इन सर्पेन्टाइन चट्टानों (शेषनाग की शय्या) के बारे में वे क्या करें। उन्हें सबसे ज्यादा चिन्ता इस बात की है कि प्राय: उन्हीं सेक्युलरवादियों का मुख बनकर हिन्दुत्व पर प्रहार करने वाले एक हिन्दी चैनल ने अपना प्रमुख समाचार बनाकर शेषनाग की शय्या वाला यह विदेशी शोध प्रसारित किया और कहा कि **निश्चित रूप से क्षीरसागर में शेषनाग की शय्या वाली हिन्दू धर्मग्रंथों की बात सही है।**

'पथ संकेत' 5 दिसम्बर 2008, राजेन्द्र नगर लखनऊ-4 से साभार

राम और रामसेतु का संबंध पुराणों से : कर्ण सिंह

मिर्जापुर । भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद के अध्यक्ष डॉ. कर्ण सिंह ने कहा है कि रामसेतु के मुद्दे पर धार्मिक भावनाओं को आहत करना ठीक नहीं है। राम दुनिया के हर हिन्दू के आस्था के केन्द्र हैं। रामसेतु के विषय में 'भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण विभाग' द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत कर बवाल खड़ा करना हिन्दू धर्मावलम्बियों की आस्था पर प्रहार है। यह बातें डॉ. सिंह ने काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के मिर्जापुर स्थित राजीव गांधी दक्षिणी परिसर में नवनिर्मित केन्द्रीय कार्यालय का उद्घाटन करने के पश्चात् कहीं। डॉ. सिंह ने कहा कि रामसेतु के विषय में किसी भी संस्था द्वारा सर्वे कर उल-जलूल रिपोर्ट पेश करना अच्छी बात नहीं है। उन्होंने कहा कि रामसेतु से भारत ही नहीं विदेशों में भी रह रहे हिन्दू मतावलम्बियों की आस्था भी जुड़ी है। विदेशों में रह रहे हिन्दू उसे राम से ही जोड़कर देखते हैं क्योंकि रामसेतु का जिक्र पुराणों में भी किया गया है। इससे हिन्दू मतावलम्बियों की आस्था भी जुड़ी है। उन्होंने कहा कि रामसेतु किसी भी राजनीतिक पार्टी का मुद्दा नहीं है, वह दुनिया भर के हिन्दुओं की अस्मिता का मुद्दा है।

डॉ. सिंह ने कहा कि आतंकवाद आज भारत ही नहीं बल्कि दुनिया भर के लिए विकट समस्या बनी हुई है। आतंकवाद से मुकाबला करने के लिए केन्द्र व राज्य सरकारों को सामूहिक रूप से प्रयास करने की जरूरत है। हमें समाज व राष्ट्रविरोधियों को पहचान कर उस का मुकाबला करने के लिए हमेशा तत्पर करने की जरूरत है। तभी देश व दुनिया से आतंकवाद का सफाया किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि आतंकवाद का विषपौध वृक्ष का रूप न ले इसके लिए सरकार के साथ जनता की भी जिम्मेदारी बनती है। उन्होंने कहा कि भारत में हो रहे शृंखलाबद्ध विस्फोटों के पीछे पड़ोसी देशों की राजनीतिक कुण्ठा का परिदृश्य सामने आता है। उन्होंने कहा कि काशी, फैजाबाद और लखनऊ में जिस तरह से भारतीय संविधान के रक्षकों पर आक्रमण किया गया है वह किसी मज़हब, संस्कृति और वर्ग का अंग नहीं हो सकता।

'अयोध्या संवाद' 20 से 26 दिसम्बर, कारसेवकपुरम्, अयोध्या से साभार

भगवान् श्रीराम के 73 पूर्वजों की जानकारी वाली पाण्डुलिपि मिली

सोनांचल में तुलसीकृत मानस के बालकाण्ड की दुर्लभ पाण्डुलिपि मिली है, 194 पृष्ठ की पोथी के पन्नों को कई जगह दीमक चट कर गए हैं। लेकिन शोधार्थियों का मानना है कि इस पाण्डुलिपि की मदद से अयोध्या के इतिहास और सूर्यवंशियों के अतीत पर नई रोशनी डाली जा सकेगी। राबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र के बनौरा गाँव में मिली पाण्डुलिपि के पहले दो पृष्ठों में दी गई सूर्यवंशावली में प्रभु श्रीरामचन्द्र के पहले के उन 73 राजवंशों का जिक्र है, जिनके बारे में अब

PDF Created with deskPDF PDF Writer - Trial :: http://www.docudesk.com

तक पुराणों में भी अद्यतन जनकारी नहीं मिल सकी थी। इसे राष्ट्रीय पाण्डुलिपि मिशन कार्यक्रम में शामिल किया जाएगा। बनौरा गाँव में हासिल की गई साढ़े 13 इंच लम्बी और 10 इंच चौड़ी पाण्डुलिपि से सूर्यवंश की 94 पीढ़ियों के राजाओं और उनकी रानियों-पटरानियों का पता चल सकेगा। इस वंश के पहले पांच राजाअें में निरंकारवेम्प्रकार, वोकर, तोये, कमलासन और ब्रह्म की रानियों का पता नहीं है। सूर्यवंशियों की सूची में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम और सीता का नाम 74वें क्रमांक पर है। हिन्दुस्तानी एकेडमी की ओर से 1932 में प्रकाशित 'अयोध्या का इतिहास और वंशावली' से इसे काफी भिन्न और महत्वपूर्ण माना जा रहा है। हिन्दी साहित्य सम्मेलन में पाण्डुलिपियों के विशेषज्ञ डॉ. उदयशंकर दुबे इस पर गहन शोध कर रहे हैं। श्री दुबे के अनुसार इस पाण्डुलिपि में जिन राजा-रानियों के उल्लेख हैं उनमें से कई पुराणों में नहीं मिल रहे हैं। देसी कागज, स्याही और लिखावट से ही पाण्डुलिपि 19वीं शताब्दी की लगती है। इस पाण्डुलिपि के हर पृष्ठ पर 13 पंक्तियां हैं और हर पंक्ति में 52 शब्द हैं और लिपि कैथी है। इस पाण्डुलिपि को राबर्ट्सगंज स्थित लोकवार्ता शोध संस्थान के संग्रहालय में सुरक्षित रखा गया है।

'हिन्दू सभा वाता' साप्ताहिक, दिल्ली 30 जनवरी-5 फरवरी 2008, से साभार

दुनिया भर को 'रामायण की लंका' का न्योता

राम थे या नहीं, थे तो लंका जाने के लिए उन्होंने समुद्र पर सेतु निर्माण किया था या नहीं और वह लंका गए थे या नहीं ...। सरकार के स्तर पर इन बातों को लेकर भारत में संकोच हो सकता है, लेकिन श्रीलंका सरकार को ऐसा कोई संकोच नहीं है। वहां की सरकार राम को भी मानती है और 'रामायण' व 'रामचरित मानस' में लिखी गई तमाम बातों को भी।

यही नहीं, श्रीलंकाई सरकार दुनिया भर के लोगों को यह बताने-दिखाने की तैयारी भी कर रही है। श्रीलंका सरकार 'रामायण' में आए लंका प्रकरण से जुड़े तमाम स्थलों को पर्यटन केन्द्र के रूप में विकसित करने की योजना बना रही है। इसके लिए उसने भारत से मदद मांगी है। श्रीलंका पर्यटन विकास प्राधिकरण के प्रमुख एस.कलाईसेल्वम ने बताया कि इस परियोजना पर अध्ययन के लिए एक टीम भारत भेजी गई है जो रामायण में दिए गए सोने की लंका के ब्योरे को समझेगी। फिर उसे श्रीलंका में विकसित करने के लिए खाका तैयार करेगी। इससे यहां आने वाले विदेशी, खासकर भारतीय पर्यटकों को 'रावण की लंका' के कुछ खास स्थलों को देखने का मौका मिलेगा। श्रीलंका में मौजूद जिन स्थलों का 'रामायण' में जिक्र हुआ है, उन्हें चमकाए जाने की योजना है। उन स्थानों पर लाइट, साउंड और रिहाईश की उम्दा व्यवस्था की जाएगी। 'रामायण' के मुताबिक लंकापति रावण सीता का हरण कर उन्हें पुष्पक विमान में बैठाकर वेरांगटोटा ले गया था, जो महियांगना से 10

PDF Created with deskPDF PDF Writer - Trial :: http://www.docudesk.com

कि.मी. दूर स्थित है। महियांगना मध्य श्रीलंका स्थित नुवारा एलिया का एक पर्वतीय क्षेत्र है। **इसके बाद रावण सीता को 'गुरुलपोटा' ले गया, जिसे अब 'सीताकोटुवा' नाम से जाना जाता है। यहीं पर रावण की पत्नी मंदोदरी रहती थीं। यह स्थान महियांगना से 10 कि.मी. दूर स्थित है। सीता को 'सीता एलिया' स्थित गुफा में रखा गया था जो कोलंबो को नवारा एलिया से जोड़ने वाला राजमार्ग है। यहां सीता माता के नाम पर मंदिर भी है।** धर्मग्रंथ के मुताबिक, सीता मंदिर के साथ बहते झरने में ही स्नान किया करती थीं। इसके अलावा और भी स्थान श्रीलंका में मौजूद हैं, जिनका ऐतिहासिक महत्व है और पर्यटकों को इन्हें देखने का सौभाग्य मिलेगा।

'दैनिक जागरण' दिल्ली, दि. 26.12.08 से साभार

सिन्धु सभ्यता से भी जुड़ा कृष्ण का नाम

क्या पशुपति शिव की तरह वासुदेव कृष्ण भी आदि देवता हैं? क्या मोहनजोदड़ो की सभ्यता से मोहन का कोई संबंध था? उन्नाव के एक पुरालिपिविद् ने दावा किया है कि सिन्धु की खुदाई में मिली मोहरों में कई बार वासुदेव कृष्ण का नाम आया है। उनका दावा है कि कृष्ण हज़ारों साल पुरानी सिन्धु सभ्यता के लोगों के भी आराध्य थे।

सिन्धु लिपि पढ़ने का दावा करने वाले डॉ. करुणाशंकर शुक्ल की नई किताब – 'द डिसाइफरमेण्ट ऑफ इण्डस-सरस्वती स्क्रिप्ट' में इस बात का खुलासा किया गया है। यह किताब हाल ही में सी.आर.पब्लिशिंग कारपोरेशन, नई दिल्ली ने प्रकाशित की है। डॉ. शुक्ल का कहना है कि सिन्धु घाटी की खुदाई में मिली एक मुद्रा पर साफ तौर पर 'वासु' अंकित है।एक अन्य मुद्रा पर 'वासुचन्ध' (द्र) लिखा पाया गया है। एक दूसरी मुद्रा पर एक राजकुमार को दो सिंहों से लड़ते दिखाया गया है। उस पर वासु सिंह अंकित हैं एक मुहर पर वासु ज (न्म)प (त्र) लिखा पाया गया है। डॉ. शुक्ल के अनुसार एक अन्य सिन्धु मुद्रा पर वासु के साथ राधा का नाम भी पाया है। इस मुद्रा पर 'वासुण्ण-राधा' लिखा है। रोपड़ से मिली एक मुद्रा पर 'जसुदा' लिखा है। जिसकी डॉ. शुक्ल 'यशोदा' के रूप में पहचान करते हैं। डॉ. शुक्ल कहते हैं कृष्ण का संबंध द्वारका नगरी से था। द्वारका का अर्थ है विशाल द्वार वाली नगरी। अमेरिका के विद्वान् केनोयर ने मोहनजोदड़ो को 'मोहन का द्वार' कहा है। महाभारत युद्ध के 40 साल बाद द्वारका नगरी बाढ़ में डूब गई थी। 'प्रत्यगुहू: महान्य:' यानी वहाँ प्रलय जैसी बाढ़ आई थी। मोहनजोदड़ो में भी बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदा के पुरातात्विक प्रमाण मिले हैं।

'हरिवंश पुराण' के अनुसार श्रीकृष्ण ने इन्द्र के सम्मान में होने वाले 'इन्द्र मह पर्व' को बन्द करवाया था। इस पर्व का चित्रण सिन्धु घाटी के इलाके से मिली एक मोहर में मिलता है। जिसमें ऊँची पताकाएं तथा पशुओं के साथ जुलूस निकालते हुए जनसमूह को दिखाया गया है। डॉ. शुक्ल ने इन तमाम प्रमाणों के जरिए यह साबित करने की कोशिश की है कि श्री कृष्ण कहीं न कहीं सिन्धु सभ्यता से जुड़े थे।

दयाशंकर शुक्ल 'सागर'

हिन्दू सभा वार्ता, साप्ताहिक वर्ष 32, अंक 13, मंदिर मार्ग, नई दिल्ली से साभार

कहो गर्व से हम हिन्दू हैं – बौद्धमत और सनातन धर्म में ऐक्य

PDF Created with deskPDF PDF Writer - Trial :: http://www.docudesk.com

यह सच है कि बौद्ध मत का उदय वैदिक धर्म पर पुरोहिती संकीर्णता के विरोधस्वरूप हुआ था, लेकिन यह केवल कर्मकांड तक सीमित था। वैदिक धर्म के अंश सनातन धर्म पर वेदान्त का जितना प्रभाव है, उतना ही बौद्ध मत पर भी है। **यदि 'धम्मपद' में आचारों के निर्धारण को पढ़ते हैं तो मनुस्मृति के आचारों का स्वरूप देखने को मिलता है। उपनिषदों के वैराग्य भाव को बौद्धमत में स्वीकार किया गया है। भगवान बुद्ध ने वैराग्य को ही निर्वाण का सहज मार्ग बताया।** बौद्ध जातक कथाएं पूर्णतया सनातन पौराणिक परम्पराओं पर आधारित हैं। पुनर्जन्म का सिद्धांत और कर्माधारित जन्म-विधान को बौद्ध मत में भी स्वीकार किया गया है। यह वैदिक धर्म की विशिष्टता रही है। सच बात यह है कि भगवान बुद्ध पुरोहितों की संकीर्णता से वैदिक चिंतन को मुक्त कर नवीन ऊर्जा प्रदान करना चाहते हैं। उनका यह प्रयास पर्याप्त सफल रहा। सनातन समाज ने पुरोहिती का बहिष्कार करना आरंभ कर दिया और भगवान बुद्ध को महान अवतार के रूप में प्रतिष्ठित किया।

यदि संगहनता से देखा जाए तो बौद्ध दर्शन उपनिषदों के आत्मा और परमात्मा सिद्धांत का ही संस्करण है। वैदिक यम और नियमों को बौद्ध दर्शन में यथावत् स्वीकार किया गया है। ये ही बौद्धमत के मूल सिद्धांत भी हैं। सनातनी परम्परा में बौद्ध मत का अत्यंत गहरा प्रभाव पड़ा। **निर्गुण उपासना के स्थान पर सगुण उपासना की परम्परा बौद्ध उपासना पद्धति की ही देन है।** बौद्ध मठ की देखा-देखी मंदिरों का निर्माण आरंभ हुआ। **पहले केवल बुद्ध की प्रतिमा होती थी, फिर पौराणिक अवतारों और देवी-देवताओं की मूर्तियां भी बनने लगीं।** धर्म का आगम-निगम विभाजन भी बौद्ध चिन्तन का अंग माना जाता है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि सनातनी परम्परा ने भगवान बुद्ध को अत्यंत सहज भाव से एक अवतार के रूप में स्वीकार किया। वहीं बौद्ध साहित्य में सनातनी अवतारों को सम्मानजनक स्थान मिला। प्रारंभिक काल में भारत में प्रचलित धार्मिक आस्थाओं का वर्ग विभाजन नहीं था। मध्य एशिया के संपर्क में आने के पश्चात आस्था आधारित नामकरण की परंपरा शुरू हुई। 11वीं शताब्दी तक सब ही एक श्रेणी में माने जाते थे। **12वीं शताब्दी के मुस्लिम इतिहासकारों ने सनातनी और बौद्ध समाज का विभाजन किया।** बौद्धमत हिन्दू धर्म की एक महान आध्यात्मिक धारा है इसका प्रभाव धीरे-धीरे बढ़ रहा है। एक हिन्दू होने के नाते बौद्ध दर्शन पर हमें गर्व है।

'हिन्दू सभा वार्ता' साप्ताहिक, मंदिर मार्ग, नई दिल्ली , 5 दिसम्बर- 11 दिसम्बर 07, से साभार

उत्तर भारत एवं दक्षिण भारत की भाषाओं का अंतर्सम्बन्ध

- डॉ. रामशरण गौड़

भाषा विज्ञान के अनुसार भारोपीय परिवार की समस्त भाषाओं को चार वर्गों में रखा जाता है जिनमें आर्य परिवार और द्रविड़ परिवार प्रमुख हैं। आर्य परिवार में हिन्दी तथा उत्तर भारत की गुजराती, मराठी, असमी, उड़िया, बांग्ला, पंजाबी आदि भाषाएं तथा द्रविड़ परिवार की कन्नड़, तेलुगु, तमिल और मलयालम भाषाएं आती हैं। इस संबंध में यह उल्लेखनीय है कि उत्तर-भारत की हिन्दी और दक्षिण भारत की भाषाओं में विभेद विदेशी विद्वानों ने यह कह कर कराया कि आर्य मध्य एशिया के प्रवासी थे और यायावर होकर भारत में आए थे। द्राविड़ ही यहाँ के मूल निवासी थे तथा इनकी भाषाओं में भी बहुत अन्तर है। यह मात्र एक भ्रान्ति है, वस्तुत: द्राविड़ शब्द एक स्थानवाचक शब्द है। विंध्याचल के दक्षिण के प्रदेशों को द्राविड़ प्रदेश व वहाँ के निवासियों को द्राविड़ कहा जाता था। इस प्रसंग में तमिल के विद्वान् डॉ. सौरिराजन का कथन यहाँ उल्लेखनीय है "अब भारतीय विद्वान् इस निर्णय पर आ चुके हैं कि आर्य मूलत: भारतवासी हैं। मध्य एशिया से आए प्रवासी या यायावर नहीं हैं। उसी प्रकार तथाकथित द्राविड़ लोग भी मूलत: दक्षिण पथ के निवासी हैं। भारत की

PDF Created with deskPDF PDF Writer - Trial :: http://www.docudesk.com

आदिवासी तथा वनवासी जनजातियां जो आर्यों से आचार-विचार में भिन्न थीं, वे द्राविड़ थे। द्राविड़ बताने की परिपाटी विदेशी विद्वानों ने ही चलाई है जो वास्तविकता से बहुत दूर है (अभिज्ञान, पृष्ठ-64)।

विश्वकवि रवीन्द्रनाथ ठाकुर द्वारा रचित राष्ट्रीय गीत 'जन-गण-मन अधिनायक....' की पंक्तियां 'पंजाब, सिंध, गुजरात, मराठा, द्राविड़, उत्कल, बंगा .... ' कुछ इसी ओर संकेत करती हैं।

कहने की आवश्यकता नहीं है कि भारत की सभी भाषाएं या तो संस्कृत से विकसित हुई हैं या इन पर संस्कृत का प्रभाव है। उत्तरी भारत की सभी भाषाओं का आधार स्रोत संस्कृत है और उनकी अधिकांश शब्दावली संस्कृत से आगत है। स्थानीय कारणों से इन भाषाओं के शब्दों के उच्चारण में थोड़ा अंतर है तो इनके द्वारा अपनाई गई लिपि के कारण इनमें भेद मिलता है। संस्कृत इनके परस्पर संबद्ध होने का सुदृढ़ आधार है। गुजराती, मराठी, असमिया, उड़िया, बांग्ला आदि सभी भाषाओं की शब्दावली संस्कृत से आगत है तथा एक-दूसरे से बहुत मिलती-जुलती है। पूर्वांचल की भाषाओं की तो यह विशेषता है कि उड़िया, बांग्ला और असमिया में तो कोई भेद ही नज़र नहीं आता। बांग्ला जानने वाला व्यक्ति असमिया और उड़िया भाषाओं को आसानी से सीख सकता है।

उत्तर भारत की तथा दक्षिण भारत की भाषाओं का परस्पर संबद्धता का कारण भारत की सभी भाषाओं की संस्कृत निष्ठ प्रवृत्ति का होना है। मलयालम में 'विश्वविद्यालय' को 'सर्वकलाशाला' कहा जाता है तो 'विद्यालय' को तमिल में 'विद्यापीठ' और तेलुगु में विद्यालयम् और कन्नड़ में विद्यालयम् कहा जाता है जो उत्तरी भारत के लोगों को सहज ही समझ आ जाता है। दक्षिण के लोग संस्कृतनिष्ठ हिन्दी को आसानी से समझ लेते हैं। भाषाओं की संस्कृत निष्ठ होने की यह प्रवृत्ति उत्तरी भारत की भाषाओं तथा दक्षिण भारत की भाषाओं को एक सूत्र में पिरोती है। कहने की आवश्यकता नहीं है कि कन्नड़ और मलयालम में तो लगभग 80 प्रतिशत शब्द संस्कृत से लिए गए हैं। इसलिए डॉ. राजर्षि पुरुषोत्तमदास टण्डन ने संविधान सभा में भारत की राजभाषा उस हिन्दी को बनाने पर बल दिया जो संस्कृत निष्ठ हो तथा जिसकी भारत की अन्य भाषाओं की शब्दावली ग्रहण करने की क्षमता रखती। भारत के संविधान के अनुच्छेद 351 में यह प्रावधान है कि "संघ का यह कर्तव्य होगा कि वह हिन्दी भाषा का प्रसार बढ़ाए। उसका विकास करे ताकि वह भारत की सामासिक संस्कृति के सभी तत्वों की अभिव्यक्ति का माध्यम बन सके और उसकी प्रकृति में हस्तक्षेप किए बिना हिन्दुस्तानी के और आठवीं अनुसूची में विनिर्दिष्ट भारत की अन्य भाषाओं के प्रयुक्त रूप, शैली और पदों को आत्मसात करते हुए जहाँ आवश्यक व वांछनीय हो वहाँ उसके शब्दभण्डार के लिए मुख्यत: संस्कृत से और गौणत: अन्य भाषाओं से शब्द ग्रहण करते हुए उसकी समृद्धि सुनिश्चित कर सके।" संस्कृत से शब्दावली ग्रहण करने की यह प्रवृत्ति भारत की सभी भाषाओं में देखने को मिलती है। अनुसंधान किया जाए तो पता चलेगा कि भारतीय भाषाओं ने एक-दूसरे से कितने शब्द लिए हैं। हिन्दी ने अनेक शब्द भारतीय भाषाओं से लिए हैं। रसगुल्ला (बंगाली), कैंची, चाकू, (फख्तून) आदि ऐसे ही शब्द हैं जो हिन्दी की इस प्रवृत्ति के द्योतक हैं।

उत्तर भारत की भाषाओं और दक्षिण भारत की भाषाओं की एक-दूसरे से संयुति का कारण भारतीयों का संस्कृति के प्रति असीम अनुराग है। भारत की सभी भाषाओं में इस अनुराग को स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है तथा भारतीय भाषाओं के लेखकों ने साहित्य में भारत की संस्कृति से कथानकों को ग्रहण कर अपने साहित्य को ही नहीं बल्कि भारतीय वाङ्मय को संपन्न किया है। भारत की सभी भाषाओं का श्रेष्ठ साहित्य भारत की पौराणिक और ऐतिहासिक सामग्री से परिपूर्ण है। इस प्रकार की कृतियाँ सभी भारतीयों के मन का अनुरंजन करती हैं जब अन्य भाषाओं का साहित्य अनूदित होकर उन तक पहुँचता है। संस्कृत के महान् ग्रंथ रामायण और महाभारत का प्रभाव तो भारत की सभी भाषाओं पर पड़ा है। उड़िया लेखिका प्रतिभा राय का उपन्यास 'द्रौपदी' महाभारत की कथा पर ही आधारित है तो मराठी लेखक विष्णुसखाराम खाण्डेकर का उपन्यास 'ययाति' पुराण कथा पर आधारित है। यह दोनों ऐसे उपन्यास हैं जिन्होंने उत्तर भारत से लेकर दक्षिण भारत तक सभी को प्रभावित किया है। कहने की आवश्यकता नहीं है कि राम कथा को आधार बनाकर जहाँ तुलसीदास ने 'रामचरितमानस' लिखी वहाँ तमिल के कम्ब की 'कम्ब रामायण' बांग्ला में कृतिवास की 'कृतिवास रामायण' तेलुगु में मौल्लि कुम्हारिन की 'मौल्लि रामायण' आदि रामायणों का सृजन राम आख्यान को आधार बना कर हुआ है। विश्व कवि रवीन्द्रनाथ ठाकुर ने एक रूपक द्वारा प्रान्तीय भाषाओं और हिन्दी के अन्तरसंबंध को स्पष्ट करते हुए इस संबद्धता का आधार संस्कृति को ही माना है।

PDF Created with deskPDF PDF Writer - Trial :: http://www.docudesk.com

"आधुनिक भारत की संस्कृति एक शतदल के समान है जिसका एक-एक दल प्रान्तीय भाषाओं और उसका साहित्य संस्कृति है। किसी एक को मिटा देने से उस कमल की शोभा नष्ट हो जाएगी। हम चाहते हैं कि भारत की सब प्रान्तीय बोलियां जिनमें सुन्दर साहित्य की सृष्टि हुई है, अपने घर में रानी बन कर रहें, प्रान्त के जन-गण की हार्दिक चिन्ता की प्रकाश भूमि स्वरूप कविता की भाषा होकर रहें और आधुनिक भाषाओं के हार के मध्य मणि हिन्दी भारत-भारती होकर विराजती रहे।" इस शृंखला में हिन्दी के सुप्रसिद्ध लेखक मुंशी प्रेमचन्द का कथन भी द्रष्टव्य है। उन्होंने कहा था, भाषा का अटूट संबंध संस्कृति से होता है और चूंकि भूगोल संस्कृति का बहुत बड़ा उल्लेखनीय आधार है इसलिए प्रत्येक शब्द का वातावरण होता है। वह वातावरण संस्कृति द्वारा निर्मित होता है। यूरोप का व्यक्ति प्राय: बादलों को देखकर प्रसन्न नहीं होता। भारतवासी उन्हें देखकर अत्यंत प्रसन्नता प्रकट करता है। वह उन्हें देखकर गा उठता है और नाचने भी लगता है। डॉ. वेद प्रकाश वैदिक ने भी इस ओर संकेत करते हुए कहा है कि हमारा देश सूरज का देश है, धूप का देश है। यूरोप धूप के लिए तरसता है और हम बादलों के लिए। अब बताइए अंग्रेजी में कविता लिखने वाला हिन्दुस्तानी क्या करेगा। यदि वह बादलों की तारीफ करेगा तो उसकी कविता उसके पश्चिमी स्वामियों के गले नहीं उतरेगी और यदि वह कड़ाके की धूप पर गीत लिखेगा तो बादलों पर झूमने वाला उसका स्वाभाविक मन कैसे साथ देगा। इस प्रकार प्रत्येक व्यक्ति का मन उसके अपने प्राकृतिक परिवेश में ही रमता है जो किसी भी भूखण्ड का महत्वपूर्ण उपादान होता है।

भारत की भाषाओं के परस्पर संबद्धता का कारण लोक-संस्कृति भी है। भारत की विभिन्न क्षेत्रों के लोक-तत्त्व एक से ही हैं। इसके आंतरिक तत्त्व समष्टि चेतना, आनन्द और अनुभूतियां भी समान हैं। इसके बाहरी तत्त्व रीति-रिवाज़, खान-पान और वस्त्राभूषण, मनोरंजन के साधन आदि हैं। इन तत्त्वों को साहित्यकार अनायास ही ग्रहण करते हैं। लोक-संस्कृतिक के बाहरी उपादानों में भेद कितना भी हो, परन्तु इनका आन्तरिक सूत्र एक जैसा है जो भारत की विभिन्न भाषाओं के साहित्य को जोड़े हुए है।

इस संबंध में भारत के संविधान में स्पष्ट उल्लेख है "संघ का यह कर्तव्य होगा कि वह हिन्दी भाषा का प्रसार बढ़ाए, उसका विकास करे ताकि वह भारत की सामासिक संस्कृति के सभी तत्त्वों की अभिव्यक्ति का माध्यम बन सके और उसकी प्रकृति में हस्तक्षेप किए बिना हिन्दुस्तानी के और आठवीं अनुसूची में निविर्दिष्ट भारत की अन्य भाषाओं के प्रयुक्त रूप, शैली और पदों को आत्मसात करते हुए और जहां आवश्यक या वांछनीय हो वहां उसके शब्द-भंडार के लिए मुख्यत: संस्कृत से और गौणत: अन्य भाषाओं से शब्द ग्रहण करते हुए उसकी समृद्धि सुनिश्चित करे।"

प्रत्येक भाषा अपनी लोक संस्कृति से ध्वनि, शब्दावली, उपमान आदि ग्रहण करती है। यह प्रवृत्ति उत्तरी भारत से लेकर दक्षिणी भारत तक भिन्न-भिन्न प्रान्तीय साहित्य में देखने को मिलती है। प्रकृति के प्रति अनुराग की प्रवृत्ति भारत की प्रत्येक भाषा में दिखाई पड़ती है। जो भारत की सभी भाषाओं की संबद्धता का परिचायक है, चाहे वह भारत के किसी भी भाग में बोली या पढ़ी जाती है। हिन्दी का एक उदाहरण यहाँ प्रस्तुत है :-

पीके फूटे आज प्यार के पानी बरसा री।
हरियाली छा गई, हमारे सावन सरसा री।
रुनझुन बिछिया आज हिला-डुल मेरी बेनी री।
ऊँचे ऊँचे पैंग, हिडोला सरस नसैनी री।
छल छल उठी हिलोर मगन मन पागल दरसा री।
पीके फूटे आज प्यार के पानी बरसा री।

भारत के तीर्थ स्थल और दर्शनीय स्थल जिनके प्रति प्रत्येक भारतवासी की श्रद्धा और आस्था है, भारत के सुदूर अलग-अलग क्षेत्रों में स्थित है, जहाँ भारत के प्रत्येक कोने से व्यक्ति तीर्थाटन को आते हैं। उनका आपसी संवाद अपनी ही भाषओं में होता है या टूटी-फूटी हिन्दी बोलते हैं जिसे सभी समझते हैं। इन तीर्थ-स्थलों के प्रति उनकी निष्ठा अन्य भाषा-भाषायी होने का परिचय नहीं देती है बल्कि सभी भाषाओं की संबद्धता का परिचय देती है। दक्षिण में रामेश्वरम् और कन्याकुमारी, उड़ीसा में जगन्नाथपुरी और कोर्णाक मंदिर, राजस्थान में आबू के जैन मंदिर, गुजरात में द्वारका पुरी,

PDF Created with deskPDF PDF Writer - Trial :: http://www.docudesk.com

बंगाल में कामाख्या और गंगासागर, उत्तर प्रदेश में अयोध्या और मथुरा, पंजाब में स्वर्ण मंदिर, हरियाणा में कुरुक्षेत्र, महाराष्ट्र में साईबाबा का मंदिर, आंध्र में तिरुपति बालाजी, उत्तराखण्ड में बद्रीनाथ और केदारनाथ, गंगोत्री-जमनोत्री आदि-आदि ऐसे तीर्थ स्थल हैं जो भारत की सांस्कृतिक एकता और राष्ट्रीय संबद्धता का द्योतन करते हैं। इस राष्ट्रीय एकता और संबद्धता का संक्रमण हमारे भारत की सभी भाषाओं में हुआ है। मैसूर के रंगनाथ मंदिर में तथा तिरुअनंतपुरम् के पद्मनाभ मंदिर में सोए हुए विष्णु ऐसे लगते हैं जैसे कि वे वृन्दावन में ही प्रतिष्ठित हुए हों। अतः भारतीय निवासियों की श्रद्धा और निष्ठा को एक सूत्र में बाँधने का काम हमारी निष्ठा के केन्द्र मंदिर करते हैं तथा उत्तरी और दक्षिणी भाषाओं की परस्पर संयुति का भी काम करते हैं।

पुस्तकालयों को मुफ्त पुस्तकें

जुलाई 2005 के अंत में बारिश और बाढ़ के कहर ने मुम्बई को हिला कर रख दिया था। हमारे यहाँ भी 5-5 फुट पानी भर गया था। जो पुस्तकें एक-दम खराब मलबे की हालत में थीं, वे तो उसी समय फेंक दी गई थीं। बहुत-सी भीगी पुस्तकें अब सूख चुकी हैं और एकदम पठनीय अवस्था में है। **आपकी जानकारी व आपके क्षेत्र में जो जरूरतमंद सार्वजनिक पुस्तकालय (रजिस्टर्ड) ऐसी पुस्तकें रखना चाहें, उन्हें हम ये पुस्तकें मुफ्त भेज देंगे। वे अपने पुस्तकालय का पूरा विवरण व रजिस्ट्री-पार्सल के लिए 70/-(सत्तर रुपये) का मनीऑर्डर या डाक टिकट भेजकर ये पुस्तकें मंगवा सकते हैं।** उनकी कोई खास पसंद या आवश्यकता हो, तो उसका उल्लेख भी कर दें, हम उसका भी ध्यान रखेंगे। हमारा पता है :-

व्यवस्थापक, जीवन प्रभात प्रकाशन,

ए-4/1, कृपा नगर, जैन मंदिर के सामने, इर्ला ब्रिज, मुम्बई-400 056

PDF Created with deskPDF PDF Writer - Trial :: http://www.docudesk.com

मेघालय सरकार ने शिक्षा विभाग ईसाई मिशनरियों को सौंपा

मेघालय के मुख्यमंत्री ने कहा है कि उनकी सरकार विभिन्न केन्द्रीय कार्यक्रमों को लागू करने पर विचार कर रही है। इसके बाद सरकार अपने दायित्व से मुक्त हो जाएगी। सेक्रेड हार्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के हीरक जयंती समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाषण करते हुए उन्होंने कहा कि 'हमने ईसाई मिशनरियों को साथ लेने की योजना बनाई है। मेघालय सरकार में ईसाई मिशनरियों जैसी भावना नहीं होने के कारण अतीत में विभिन्न सरकारी योजनाओं को लागू करने में हम सफल नहीं हुए। मेघालय में गारो हिल्स में सरकार ने इस दिशा में एक कदम आगे बढ़ाया है। गारो हिल्स के कुछ हिस्सों में विभिन्न योजनाओं को लागू करने का दायित्व ईसाई मिशनरियों द्वारा संचालित शिक्षण संस्थानों को सौंपा है। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि इस नीति को स्वीकार करने के काद ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन जैसी योजनाओं का लाभ जनता तक पहुँचेगा। मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि राज्य सरकार राज्य की शिक्षा नीति को शिक्षकों और जनसाधारण की राय जानने के बाद लागू करेगी। खासी भाषा को संविधान आठवीं अनुसूची में करने के बारे में उन्होंने कहा कि राज्य सरकार नई दिल्ली में इसे आठवीं अनुसूची में डालने के लिए वार्ता चला रही है।

माउलाय विधानसभा क्षेत्र के विधायक पीटी सावक्मी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि ''खासी और जयंतिया हिल्स में ईसाई मिशनरियों ने ही शिक्षा व्यवस्था की नींव रखी। उन्होंने ही खासी भषा के लिए अक्षरों का अविष्कार किया। बिना अक्षरों के कोई भी खासी और जयंतिया हिल्स के लोगों की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि को लिख या पढ़ नहीं सकता।'' श्री सावक्मी ने कहा कि 'ईसाई मिशनरी केवल हमारे यहाँ गॉड के संदेश का प्रचार करने के लिए नहीं आए। शिक्षा उसका एक हिस्सा है। राज्य के सभी सबसे अच्छे विद्यालयों और महाविद्यालयों का संचालन ईसाई मिशनरी ही कर रहे हैं। राज्य के शिक्षितों के बढ़े हुए प्रतिशत के लिए भी मिशनरियों का महत्वपूर्ण योगदान है। इस समाचार से **स्पष्ट है कि धर्मनिरपेक्षता का ढिंढोरा पीटने वाली कांग्रेस सरकार के मुख्यमंत्री रिम्बाई किस प्रकार चर्च और मिशनरियों का गुणगान करने में व्यस्त हैं, धर्मान्तरण हेतु मिशनरियों के मुख्य हथियार शिक्षा और चिकित्सा को उसके हाथों में सौंप चुकी है और जो बाकी बचा है उसको भी सौंपने की तैयारी है। धर्मान्तरण करने वालों को 'सेक्युलर' कहकर उनके हाथ में सरकार को सौंपने में उसको कोई ऐतराज नहीं है।**

'हिन्दू सभा वार्ता' (साप्ताहिक) हिन्दू महासभा भवन, मंदिर मार्ग, नई दिल्ली, 30 जनवरी से 5 फरवरी 2008, से साभार

विकास का अमानवीय चेहरा

भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए इससे बेहतर सूचना और क्या हो सकती है कि पिछले 18 वर्षों में पहली बार विकास दर 9. 6 प्रतिशत रही? चूंकि यह विकास दर उम्मीदों से भी अधिक है इसलिए केन्द्र सरकार का खुश होना स्वाभाविक है, लेकिन

PDF Created with deskPDF PDF Writer - Trial :: http://www.docudesk.com

उसे चिंतित भी होना चाहिए। इसलिए होना चाहिए, क्योंकि करोड़ों लोगों के लिए विकास दर की इस आकर्षक उपलब्धि का कोई मतलब नहीं। **आखिर सरकारी आंकड़े ही यह कह रहे हैं कि लगभग 70 प्रतिशत आबादी प्रतिदिन 20 रुपये से अधिक अर्जित नहीं कर पा रही। इस 70 प्रतिशत आबादी का एक तबका तो ऐसा है जो महज 12 रुपये में अपना गुजर-बसर कर रहा है। क्या हमारे नीति-निर्माताओं ने कभी इस पर विचार किया है कि आखिर तीन सौ अथवा छह सौ रुपये (प्रतिमास) में कोई व्यक्ति अपना जीवन यापन कैसे कर सकता है?** ऐसा नहीं है कि ऐसे विचलित कर देने वाले आँकड़े पहली बार सामने आए हों, लेकिन उनकी अनदेखी ही की जा रही है। विडंबना यह है कि यह अनदेखी एक ऐसी सरकार के द्वारा की जा रही है जो आम आदमी के उत्थान के नारे के साथ सत्ता में आई थी। यदि आम आदमी के उत्थान का नारा नितांत खोखला नहीं होता तो ऐसा आर्थिक विकास कदापि देखने को नहीं मिलता जो एक सीमित वर्ग को लाभ पहुँचा रहा है। निःसंदेह यह वही वर्ग है जो पहले से ही आर्थिक रूप से सक्षम है। ऐसा आर्थिक विकास असंतुलित और अन्यायपूर्ण ही नहीं, बल्कि मानवता के खिलाफ भी है जो निर्धन वर्ग के उत्थान में सहायक न बन सके। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण विभाग के आँकड़े सामने आने के बाद केन्द्रीय सत्ता की आँखें खुल जानी चाहिए, लेकिन इसके आसार कम ही हैं। इसी तरह इसकी संभावना भी न्यून है कि खुद को वंचितों और निर्धनों का मसीहा बताने वाले वाम दल नींद से जागेंगे।

यदि आम आदमी को लाभान्वित न करने वाला विकास हो रहा है तो इसके लिए संप्रग सरकार के साथ-साथ वाम दल भी बराबर के दोषी हैं। आखिर केन्द्रीय सत्ता के प्रत्येक निर्णय और विशेष रूप से आर्थिक मामलों से जुड़े फैसलों को प्रभावित करने वाले वाम दल यह क्यों नहीं देख सके कि आर्थिक विकास की मौजूदा रफ्तार आम आदमी के लिए कतई हितकारी नहीं सिद्ध हो रही है? बात-बात में अड़ंगा लगाने वाले वाम दलों ने केन्द्रीय सत्ता को उन उपायों पर अमल करने के लिए विवश क्यों नहीं किया जो आम आदमी के हालात बदलने वाले साबित होते? आखिर यह क्यों न मान लिया जाए कि वाम दलों की दिलचस्पी आम आदमी के हितों की रक्षा के स्थान पर अपने निहित स्वार्थों को पूरा करने में है? इसमें संदेह नहीं है कि केन्द्रीय सत्ता अपने शेष कार्यकाल में ऐसा कुछ कर सकेगी जिससे विकास से वंचित भारत का विशाल तबका लाभान्वित हो सकेगा, क्योंकि अब उसे निकट आ रहे आम चुनावों की चिंता सताने लगी है और उसने लोक-लुभावन फैसले लेने शुरू कर दिए हैं। अब तक का अनुभव यह बताता है कि ऐसे फैसले कारगर नहीं सिद्ध होते। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही नहीं, बल्कि शर्मनाक भी है कि आकर्षक आर्थिक आंकड़ों के पीछे छिपे यथार्थ की उपेक्षा की गई। यदि ऐसा नहीं किया जाता तो असंतुलित विकास की जो भयानक तस्वीर उभरकर सामने आई है उससे बचा जा सकता था।

'दैनिक जागरण' दिल्ली, दि. 2 फरवरी 2008 से साभार

रोमिला थापर और भारत की छवि

– हरिकृष्ण निगम

यदि आज के भारतीय इतिहासकारों में हमारे प्राचीन इतिहास को धूल-धूसरित करने व पश्चिम में इसकी छवि पर सर्वाधिक चोट पहुँचाने वाले बुद्धिजीवियों पर नजर डाली जाए तो शायद रोमिला थापर का नाम सबसे आगे रखा जाएगा। उनके कैरियर के ग्राफ को ऊँचा उठाने में उनके घोर हिन्दू-विरोधी रुझान ने 'खुल जा सिम-सिम' जैसे जादुई मंत्र का काम किया है।

सन् 1960 में उन्होंने लंदन विश्वविद्यालय से पीएच.डी. की उपाधि ली और उनकी पहली कृति 'हिस्ट्री ऑफ इंडिया' का प्रथम भाग 1966 में प्रकाशित हुआ। इसी 'हिस्ट्री ऑफ इंडिया' का दूसरा भाग डॉ0 पर्सीवल स्पियर ने लिखा था जो भारत के मुगल व ब्रिटिश काल पर था। स्वयं रोमिला थापर ने 'हिस्ट्री ऑफ इंडिया' के भाग-एक के प्राक्कथन में कहा था कि यह ग्रंथ विशेषज्ञों के लिए नहीं सामान्य पाठकों के लिए है। अपनी सामान्य धारणाओं के बारे में वे सीधे कहती

PDF Created with deskPDF PDF Writer - Trial :: http://www.docudesk.com

हैं कि प्राचीन भारत के लोगों को इतिहास-बोध नहीं था, हिन्दू कालक्रम के बारे में सदैव लापरवाह थे और किंवदन्तियों और आख्याओं को ऐतिहासिक जामा पहनाने में प्रारंभ से ही पारंगत थे। आठवीं शताब्दी के पहले का अर्थात् इस्लाम के आगमन के पहले का इस देश का इतिहास, जिसे 'हिन्दू युग' कहा जाता है, वह सारा का सारा कालखण्ड महत्वहीन था।

हममें से अधिकांश लोगों को यह जानकार आज भी विस्मय होता है कि **नोबेल पुरस्कार विजेता सर विद्याधर एस. नायपाल ने लंदन टाइम्स में फारुख ढोंढी नामक पत्रकार को कुछ वर्ष पहले दिए एक साक्षात्कार में उनकी इतिहास-लेखन की राजनीतिक दृष्टि को खतरनाक ही नहीं, एक 'फ्रॉड' तक कह डाला था।** इसी तरह **डॉ. कर्ण सिंह ने जो एक समय इन्दिरा गांधी के मंत्रिमंडल में मंत्री थे, एक बार अपने मित्र रोमेश थापर से जो रोमिला थापर के बड़े भाई हैं, शिकायत की थी कि रोमिला थापर अपने विकृत व दुराग्रही इतिहास लेखन से 'भारत को नष्ट कर रही हैं।'** वे नहीं चाहते थे कि रोमिला थापर साम्यवादियों के हाथों एक मोहरा बन कर हिन्दू आस्था को नष्ट करने को अपना मिशन बनाएं।

रोमिला थापर का सन् 2004 में सोमनाथ मंदिर के ध्वंस पर जब 'सोमनाथ : मैनी वॉयसेज़ ऑफ हिस्ट्री' नामक ग्रंथ प्रकाशित हुआ तब साम्यवादियों बुद्धिजीवियों के साथ-साथ कुछ भारत-विरोधी अमेरिकी लॉबियों ने उन्हें सिर आंखों पर बैठा लिया क्योंकि इसमें हिन्दू-विरोध की उच्छृंखलता चरम सीमा पर पहुँच गई थी।

xxxxxxxxxxx (छोड़ दिया गया भाग)

अमेरिका के हवाई प्रान्त में रहने वाले भारतीय इतिहास के अध्येता ***ब्रैनन पार्कर*** रोमिला थापर के दुराग्रहों से परिचित थे और उनकी भारतीय अतीत के बारे में गलत सूचनाएं देने से पहले से ही परिचित थे। प्रतिष्ठित क्लूग चेयर पर उन्हें आसीन कराए जाने से वे क्षुब्ध थे। उन्होंने अमेरिकी कांग्रेस को एक पत्र लिखा कि रोमिला थापर कट्टर हिन्दू विरोधी और मार्क्सवादी विचारधारा से ग्रस्त हैं और भारत के बारे में भ्रम फैला चुकी हैं। हिन्दू सभ्यता पर मार्क्सवादी हमले के लिए अमेरिकी करदाताओं के पैसों की बरबादी क्यों हो ? **"हिन्दू संस्कृति विश्व की सबसे प्राचीन महान सभ्यता है, जिससे दुनिया बहुत कुछ सीख सकती है। हम इसकी बेइज्जती का समर्थन क्यों करें? भारत का एक मित्र होने के नाते मैं इसका विरोध करता हूँ।"** इसके लिए पार्कर ने अमेरिकी कांग्रेस के नाम एक हस्ताक्षर अभियान भी शुरू किया था। इस धोखेधड़ी से पर्दा उठाए जाने पर भारत के साथ-साथ साम्यवादियों के सहयोगियों ने साउथ एशिया सिटिजेन्स वेव नामक वेबसाइट पर उन्हें हिन्दूवादी एजेन्ट कह कर उनकी भर्त्सना शुरू की। ....

अपने विरुद्ध दुष्प्रचार चलाने वालों को इंगित कर **ब्रैनन पार्कर ने कहा कि – "क्या इसी तरह के आधारों पर दुनिया भर के मीडिया में हिन्दू-विरोधी समाचार छपते रहे हैं? क्या हिन्दुत्व को बदनाम करने के लिए निहित स्वार्थों से प्रेरित लोग सक्रिय हैं, जो ईसाई धर्मान्तरण बढ़ाने के लिए अनुकूल, ज्यादा पैसा? आखिर यह माजरा क्या है?"**

असहमति या आलोचना का प्रत्युत्तर देने की मार्क्सवादी शैली ही अलग है। उसमें अर्धसत्य और सफेद झूठ दोनों का अनूठा सम्मिश्रण होता है। सच तो यह है कि चाहे रोमिला थापर हो या इरफान हबीब अथवा हरबंस मुखिया या विपिन चन्द्र ये सभी मार्क्सवादी इतिहासकार अपने इतिहास-लेखन में भारत भू की वर्तमान राजनीतिक स्थिति में सांप्रदायिक तत्वों व राष्ट्रवादियों के विरुद्ध विष-वमन का अपना कर्तव्य निभा रहे हैं। यह वे स्वयं स्वीकार कर चुके हैं और महान राजनीतिक कारणों से सफेद झूठ फैलाने में गालियों पर उतर आते हैं। आस्टिन निवासी **इबेत रोस्सेर** ने 7 नवम्बर 2000 को टैक्सास विश्वविद्यालय में रोमिला थापर के खेमे के एक मार्क्सवादी इतिहासकार प्रो. के.एन.पणिक्कर का 'भारत का इतिहास का पुनर्लेखन' विषय पर एक भाषण सुना, उन्होंने आश्चर्य से नोट किया कि इतिहास से अधिक वे अपने राजनीतिक उद्देश्य की चर्चा कर रहे थे। रोस्सेर के अनुसार पणिक्कर या तो अकादमिक लेखन के मान्य तौर-तरीकों से अनभिज्ञ थे या फिर इतिहास के नाम पर राजनीति कर रहे थे। दूर अमेरिका में बैठ कर अपने ही देश के हिन्दुओं को अकारण बदनाम करने की बात श्रोताओं के गले नहीं उतरी क्योंकि वे इतिहास की जगह राजनीतिक प्रचारक का सामना कर रहे थे।

PDF Created with deskPDF PDF Writer - Trial :: http://www.docudesk.com

आज हम भूल चुके हैं कि अयोध्या के रामजन्मभूमि आन्दोलन के समय दो दशक पहले 1989 में रोमिला थापर ने अपने झूठों का नया पिटारा खोला था। 19वीं व 20 वीं शताब्दी के ब्रिटिश इतिहासकारों व स्वयं मुस्लिम वृत्तान्तों में जो कुछ भी लिखा गया था, रोमिला थापर ने उसे असत्य सिद्ध करने की जी-तोड़ कोशिश की। यहां तक कि नेहरू सरकार के समय 1951 के सोमनाथ मंदिर के जीर्णोद्धार के निर्णय को भी उन्होंने अपनी क्षुद्र दृष्टि से नेहरू-डॉ. राजेन्द्र प्रसाद विवाद के रूप में प्रस्तुत किया। नेहरू जी जैसे सोमनाथ के पुनर्निर्माण के विरुद्ध हों या वे कांग्रेस के इस निर्णय से अलग थे और यह प्रकरण मात्र डॉ. राजेन्द्र प्रसाद व 'जय सोमनाथ' के चर्चित लेखक के.एम.मुंशी जैसे कट्टरवादी हिन्दू नेताओं की साजिश थी- ये कहानियां रोमिला थापर जैसे इतिहासकार को छिछले स्तर पर राजनीतिबाज़ बना देती हैं।

यदि रोमिला थापर पर विश्वास किया जाए तो सोमनाथ पर 1026 में महमूद गजनवी का भयावह हमला, जिसने हिन्दू अन्तर्मन को अगले 800 वर्षों तक झकझोर कर रख दिया था, मुस्लिम, हिन्दू व ब्रिटिश इतिहासकारों द्वारा निजी स्वार्थों के लिए रची दन्तकथा थी। इसी तरह साक्ष्यों के बावजूद वे दोहराती रही हैं कि अयोध्या में 1528 में बाबर या उसके गवर्नर ने हिन्दू मंदिर को नष्ट कर वहाँ मस्जिद बनाने का आदेश नहीं दिया था। तब यह उनकी विषिप्तता ही कहलाएगी। यदि महमूद ने सोमनाथ को ध्वंस किया क्योंकि वह मात्र लुटेरा था, धर्म विरोधी नहीं, तब यह घटिया स्तर का असत्य ही कहा जा सकता है। उनके अनुसार हिन्दुओं का यह एक बड़ा 'अपराध' था कि उनके नगर व मंदिर समृद्ध थे और शांतिप्रिय भी थे। आक्रमण तो होना ही था।

रोमिला थापर को तो इस बात से भी चिढ़ है कि 19वीं शताब्दी के **जेम्स मिल** जैसे अनेक प्रसिद्ध इतिहासकारों ने भारतीय इतिहास को **'हिन्दू युग'** अथवा **'मुगलकाल'** जैसे कालखण्ड में विभाजित ही क्यों किया। वे सबके सब सांप्रदायिकता को बढ़ावा देने वाले थे क्योंकि वे हिन्दुओं को बताना चाहते थे कि उन्होंने देश को मुस्लिम शासन की यंत्रणाओं से छुटकारा दिलवाया। .... यदि प्रसिद्ध फारसी कवि शेखसादी अपने गुलिस्तान-बोस्तान में कहता है कि उसने सोमनाथ के मंदिर को देखा था तब रोमिला थापर उसे अविश्वसनीय कहती हैं। वे मंदिर को मस्जिद में बदले जाने की बात भी झूठ कहती हैं और सिर्फ उलुघ खान के पहले आक्रमण के बाद उसे मस्जिद में बदले जाने की बात स्वीकार नहीं करती हैं। उलटा उनके अनुसार उस समय स्वयं क्षेत्रीय हिन्दू राजा आक्रमण के समय मंदिर तोड़ते रहते थे। सोमनाथ में इस्लाम के आगमन के पूर्व की एक अरबी मूर्ति 'इज्जा' की पूजा होती थी जिसे महमूद तोड़ने के लिए आया था। अबुल फजल को उद्धृत करते हुए रोमिला थापर यह भी लिखती हैं कि 16वीं शताब्दी में अकबर के आदेश से सोमनाथ में व्यवस्थित रूप से शिवलिंग की पूजा की जाती थी। 17वीं शताब्दी के इतिहासकार फरिश्ता का वह विस्तृत विवरण जिसमें उसने तत्कालीन गर्व से लिखा था कि महमूद गजनवी ने तलवार के एक ही वार से शिवलिंग के ऊपरी व मध्य भाग को खण्डित कर दिया, रोमिला थापर अविश्वसनीय मानती हैं। ब्रिटिश लेखकों द्वारा रचित घटनाक्रमों में फरिश्ता के उद्धरणों को असत्य घोषित करती है। यदि उनकी बात को माना जाए तो तुर्की हमलों मे और विशेषकर गजनवी के आक्रमण मे सोमनाथ में न तो शिव मूर्तियां या लिंग तोड़े गए और न हीं दूसरे पवित्र स्थानों पर स्थित जैन मूर्तियां। रोमिला थापर तो **एलेक्ज़ेण्डर डाउ** द्वारा 1767-1772 में लिखी **'हिस्ट्री ऑफ हिन्दुस्तान'** में उद्धृत फरिश्ता के वर्णनों को भी नहीं मानती हैं क्योंकि उनके अनुसार फरिश्ता का इतिहास सत्य का साम्राज्यवादी संस्करण था। प्रसिद्ध इतिहासकार **इलियट और डाउसन** ने भी जहां लिखा है कि सुल्तान महमूद ने कहा था कि वह 'हिन्द पर प्रतिवर्ष जिहाद या पवित्र युद्ध करेगा' यह रोमिला थापर को मान्य नहीं है। **'हिन्दू आहत मर्मस्थल'** की अवधारणा को एक साजिश के द्वारा गढ़ी हुई दंतकथा बताती हैं। उनके अनुसार सन् 1842 में तत्कालीन गवर्नर - जनरल लार्ड एलेनबरो द्वारा गजनी से लाए गए सोमनाथ मंदिर के दरवाज़ों का प्रदर्शन हिन्दुओं को फुसलाने व मुस्लिमों के विरुद्ध भड़काने का षड्यंत्र था। ये लकड़ी के दरवाजे ब्रिटिश सेना के जनरल नॉट द्वारा अफगानिस्तान से लाए गए थे और एलनबरो की सार्वजनिक घोषणा के अनुसार हिन्दुओं के 800 वर्ष पहले के अपमान के प्रतिकार के रूप में जनता के सामने प्रस्तुत किए गए थे। रोमिला थापर की एक ही टिप्पणी थी कि वे दरवाजे असली नहीं थे क्योंकि आक्रमण के वृत्तान्तों में मंदिर के दरवाज़ों को सोमनाथ से गजनी ले जाने की बात नहीं आई है इसलिए वे हिन्दुओं को बरगलाने के उद्देश्य से अंग्रेज़ों द्वारा यह नाटक रचा गया था। रोमिला थापर सिर्फ एक ही रट लगाए हुए हैं कि उस समय मंदिर धर्मान्धता के कारण आक्रान्ताओं ने नष्ट नहीं

PDF Created with deskPDF PDF Writer - Trial :: http://www.docudesk.com

किया, उसका मूल कारण सिर्फ धन प्राप्त करना था। उनके इतिहास या विकृत विचारधाराओं का मात्र यही राजनीतिक मन्तव्य दशकों से रहा है। ऐतिहासिक तथ्यों को राजनीतिक आवश्यकताओं के हिसाब से तोड़ने मरोड़ने में वे सिद्धहस्त रही हैं।

रोमिला थापर, जैसा कि ऊपर लिखा है कि हिन्दू काल, मुस्लिम काल और ब्रिटिश काल जैसे कालनिर्धारण को साम्राज्यवादी नियत का त्रुटिपूर्ण युग विभाजन कहती हैं। वे यह भी कहती हैं कि मध्यकाल में मुस्लिमों ने हिन्दुओं पर कोई अत्याचार नहीं किए। समग्र भारतीय मानस में वैज्ञानिक प्रवृत्ति का अभाव था। उन्होंने **भगवद्गीता** को हिंसा से जुड़ी एक घटना कहा। हर मोर्चे पर भारतीय इतिहास की मोर्चेबंदी व मिथ्याकरण की उन्होंने एक दीर्घकालीन परंपरा डाली है। चाहे अयोध्या पर मार्क्सवादी हस्तक्षेप हो या अशोभनीय प्रत्युत्तर शैली हो या उनका अपने को सांप्रदायिकता का स्वयम्भू विशेषज्ञ कहना हो। सच बात तो यह है कि वे और कुछ भी हों, उन्हें इतिहासकार नहीं कहा जा सकता है। पहले वे खुद को गर्व से मार्क्सवादी कहती थीं, पर विश्व भर में साम्यवाद की अन्त्येष्टि होने के बाद से वे अपने आपको 'सैक्युलर' कहती हैं और कम से कम अपने लेखन के मामले में अपनी पहली पहचान छिपाना चाहती हैं।

'विश्व संवाद केन्द्र' पत्रिका लखनऊ दि. 12.12.2007 से साभार

कम्युनिज़्म की विश्वसनीयता

चीन से रिश्ता

यह तो ठीक है कि हम नेहरू के जमाने के 'हिन्दी-चीनी भाई-भाई' जैसे नारे से व्यक्त होने वाली भावुकता भरी राष्ट्रीय लापरवाही के असर से बाहर आ चुके हैं, किन्तु हम फिर भी यकीन के साथ नहीं कह सकते कि चीन के प्रति हमारा पूरा दृष्टिकोण राष्ट्रीय सोच के रूप में ठीक तरह से परिभाषित हो पाया है। **हम भाई-भाई वाली पुरानी भावुकता को राष्ट्रीय लापरवाही इसलिए कह रहे हैं क्योंकि उस लापरवाही की नींद में मगन होकर हमने तिब्बत चीन के हवाले कर दिया जो चीन का हिस्सा कतई नहीं था, बल्कि एक स्वतंत्र देश था। इसका खामियाजा हमने तब भुगता जब चीन पूरे तिब्बत को अपने फौजी बूटों के तले रौंदता हुआ हमारी अपनी ही सीमा तक आ पहुँचा और उसने हमें दिन में तारे दिखा दिए।** हमारे राष्ट्रीय अपमान की जो दुर्घटना 1962 में चीन के हाथों इतिहास के पन्नों पर दर्ज की गई, उसे हम आज तक भी ठीक नहीं कर पाए हैं। यहाँ तक कि हमारी राष्ट्रीय सोच में, खासकर केन्द्र में शासन करने वाली सरकारों के स्तर पर हम चीन के भारत विरोधी यानी दुश्मनी भरे इरादों को आज तक भी ठीक तरह से भांप नहीं पाए हैं। बल्कि इससे उलट हम सबके दिलों में, खासकर सरकार में बैठे लोगों के दिलों में चीन को लेकर एक अजीब तरह का डर, अगर डर कहने में शर्मिंदगी महसूस हो तो हीन भावना बस गई है। ऐसा न होता तो हमारे देश में राष्ट्रीय हर्ष की, थोड़ा सतर्क होकर कहें तो राष्ट्रीय संतोष की वो लहर पसरती नजर न आती जो प्रधानमंत्री की चीन यात्रा के कथित नतीजों को लेकर दिखने में आ रही है। **अगर चीन परमाणु मुद्दे पर हमारा सहकार करने को तैयार है तो इस पर हमें कृतज्ञता बोध के तले क्यों दब जाना चाहिए? अगर चीन सुरक्षा परिषद में हमारा समर्थन करने को तैयार हो रहा है तो इसमें गर्व करने की बात क्या है? और अगर चीन सीमा विवाद पर हल्का सा भी सकारात्मक नजर आने लगे तो हम अपनी छाती क्यों फुलाते फिरें? हम अचानक क्यों भूल जाते हैं कि चीन ने 38000 वर्ग कि.मी. जमीन अपने कब्जे में कर रखी है, अरुणाचल के तवांग इलाके पर अपना दावा छोड़ा नहीं है और अक्साइचिन तो उसने अपने में समेट ही लिया है। पाकिस्तान को वह हमारे खिलाफ ताकतवर बना रहा है और हमें चारों ओर से घेरने की अपनी रणनीति पर अमल करना बंद नहीं किया है?** चीन जब चाहे वह दुश्मन बन सकता है, दुनिया की मार्किट से हमें खदेड़ना उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता है, इन बेसिक बातों को भुलाकर अगर हम चीन के साथ जो भी रिश्ता कायम करेंगे, वह रिश्ता अस्वाभाविक तो होगा ही, उस पर भरोसा कर लेना देश को कई तरह के निर्णायक नुकसान पहुँचा सकता है। **यानी संबंधों का आधार सिर्फ राष्ट्रीय हितों का यथार्थ ही हो सकता है, भावुकता या उत्साह से भरी गफलत नहीं।**

PDF Created with deskPDF PDF Writer - Trial :: http://www.docudesk.com

'राष्ट्रीय सहारा' दिल्ली, दि. 16 जनवरी 2008 से साभार

अरुणाचल के बड़े भाग पर दावा कर रहा है चीन

अरुणाचल प्रदेश में चीन के कब्जे का मुद्दा फिर संसद में गूंजा। विदेश मंत्री प्रणव मुखर्जी ने इस मुद्दे पर उठाए गए सवाल का जवाब देते हुए कहा कि चीन अरुणाचल प्रदेश की भूमि के काफी बड़े हिस्से पर अपना दावा कर रहा है। उन्होंने इस दावे को गैरकानूनी करार दिया।

राज्य सभा में सदस्य विजय दर्डा के एक सवाल के जवाब में प्रणव ने कहा कि अरुणाचल की 90 हजार वर्ग कि.मी. भूमि पर दावे के अलावा चीन ने मध्य क्षेत्र में भी लगभग 2 हजार वर्ग कि.मी. भूमि पर अपना दावा किया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत इस दावे को गैरकानूनी मानता है। दर्डा ने उनसे भारत-चीन सीमा पर भारतीय सीमा में चीन के अतिक्रमण की खबरों पर भी सवाल उठाया था। इस पर प्रणव ने कहा कि भारत और चीन की और चीन की ओर से तय की गई कोई सीमा अभी नहीं हैं।

'राष्ट्रीय सहारा' दिल्ली, दि. 30.11.2007 से साभार

घड़ियाली आंसू

आखिर माकपा पोलित ब्यूरो की सदस्य वृंदा करात किसको धोखा दे रही हैं? खुद को, अपनी पार्टी माकपा को या पश्चिम बंगाल की माकपा नीत वाममोर्चा सरकार को? अगर वे इनमें से किसी को धोखा नहीं दे रही हैं तो हम उनकी उस प्रतिक्रिया का अर्थ वास्तव में जानना चाहेंगे जिसमें वे नंदीग्राम में हुई बर्बर हिंसा को अत्याचार का नाम देकर वाममोर्चा सरकार को आड़े हाथ ले रही हैं और तसलीमा नसरीन को पश्चिम बंगाल में ही ठहराये जाने की मांग का पुरजोर समर्थन करने की दहाड़ें मार रही हैं। सारी दुनिया जान चुकी और मान चुकी कि नंदीग्राम में जो बर्बर हिंसा हुई वह किसी और ने नहीं, उन्हीं की पार्टी के काडरों ने की। इस हिंसा को करवाने में उन्हीं की पार्टी द्वारा चलाई जा रही प्रदेश सरकार की मिली-भगत तब साबित हो गई जब खुद मुख्यमंत्री बुद्धदेव भट्टाचार्य ने चेहरे पर अपूर्व खुशी और तृप्ति का भाव लाते हुए कह दिया कि उनकी पार्टी के काडर ने ईंट का जवाब पत्थर से दे दिया। अभी तक सरकार द्वारा आंख दबा देने के बाद इशारा बखूबी समझने वाली वहां की पुलिस ने किया इसमें किसी को शक है ही नहीं। फिर अचानक अत्याचार के खिलाफ घड़ियाली आंसू बहाने का क्या मतलब? अचानक तसलीमा के पक्ष में खड़ा होने की यह बेचैनी कैसी? वैसे वृंदा करात भी क्या करें? उनका और उनकी पार्टी का सारा जीवन खुद उनके द्वारा परिभाषित सर्वहारा की तरक्की का नारा लगाते-लगाते खत्म हो गया और उम्र के इस पड़ाव पर आकर उनके काडर ने उसी सर्वहारा के खून से अपने हाथ रंग लिए। उधर धर्म निरपेक्षता के नाम पर इस देश के व्यक्तित्व से जुड़ी हर चीज को गरियाते हुए उनकी और उनकी पार्टी की सारी उम्र बीत गई और उम्र के इस ढलान पर आकर उन्हीं की पार्टी की सरकार खुलेआम चौराहों पर कट्टरपंथियों के साथ टी-पार्टी करती हुई और अभिव्यक्ति की आजादी का गला घोंटती हुई रंगे हाथों पकड़ी गई। और यह सब भी कोई आज नहीं हुआ। नंदीग्राम हुए हफ्ते बीत गए और तसलीमा हुए कई दिन। दुनिया के हर अखबार और टीवी चैनल पर माकपा विचारधाराई डकैती करती हुई साफ-साफ गिरफ्तार कर ली गई। जो बात लोगों के दिलों पर और मौजूदा इतिहास के पन्नों पर गहरे दर्ज हो चुकी है, उसे वृंदा करात की नकली संवेदनाओं से पलटना मुश्किल ही नहीं, नामुमकिन भी है। पहले परमाणु करार, फिर नंदीग्राम और फिर तसलीमा, एक के बाद एक हुई इन घटनाओं से देश की जनता को जो समझना था, वह समझ चुकी है। इस झूठी सहानुभूमि से अब कुछ नहीं बनने वाला।

'राष्ट्रीय सहारा' दिल्ली, दि. 30.11.07 से साभार

PDF Created with deskPDF PDF Writer - Trial :: http://www.docudesk.com

तीसरी सबसे बड़ी ऊर्जा संपदा का सवाल

किसी आत्मघाती दस्ते द्वारा रूसी राष्ट्रपति पुतिन पर ईरान में जानलेवा हमला किए जाने की रूसी खुफिया एजेंसियों की तमाम आशंकाओं के बावजूद पुतिन नहीं माने और उन्होंने तेहरान पहुंचकर ईरानी नेताओं से बातचीत के कई दौर पूरे किए। रूसी राष्ट्रपति ने इस यात्रा के जरिए एक तीर से कई निशाने साधने की कोशिश की। सबसे पहले तो उन्होंने अमेरिका को कड़ी चेतावनी दी कि वह पूर्व सोवियत संघ के किसी भी गणराज्य की जमीन से ईरान पर वार करने की तैयारियां बंद कर दे। इशारा पूर्व सोवियत गणराज्य अजरबैजान की ओर था जिसके बारे में रूसी जानकारी यह है कि अमेरिका अजरबैजान के साथ इस इरादे से पींगे बढ़ा रहा है और उसे बड़ी आर्थिक सहायता और फौजी इमदाद का वादा कर रहा है ताकि ईरान पर किसी संभावित हमले के वक्त उसके जहाजी बेड़े को कैस्पियन सागर के किनारे बसे इस देश पर अपना नौसेनिक लंगर डालने और लड़ाकू विमानों के उड़ने लायक बड़ी पटरी मिल जाए।

अमेरिका इसलिए अजरबैजान के फौजी हवाई अड्डों के विस्तार के लिए न केवल आर्थिक मदद देना चाहता है बल्कि अपने तकनीशियन और इंजीनियरों की मदद भी मुहैया कराने को तैयार है ताकि ये हवाई पट्टियां शीघ्र ही अंतर्राष्ट्रीय स्तर की हो जाएं जिनसे बी 52 जैसे विशालकाय बमवर्षक और हवा में ही लड़ाकू विमानों में तेल भर सकने की क्षमता वाले बड़े विमान भी उड़ान भर सकें। अजरबैजानी बंदरगाहों का भी पुनरुत्थान करने का अमेरिकी प्रस्ताव है। ये सारी कोशिशों और इस क्षेत्र में अमेरिकी विशेषज्ञों की आवाजाही रूसी खुफिया उपग्रहों, जासूसी उपकरणों और गुप्तचर सेवाओं से छिपी नहीं है और रूस द्वारा भेजे गए कूटनयिक संकेतों का जब कोई असर नहीं दिखा तो राष्ट्रपति पुतिन ने ईरान, जो कि खुद कैस्पियन सागर के अजरबैजान से सामने वाले छोर पर बसा हुआ है वहाँ पहुँचकर अमेरिका को 'हाथ रोको' की यह सीधी चेतावनी दे डाली है।

राष्ट्रपति पुतिन द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद ईरान की यात्रा पर गए पहले सोवियत राष्ट्रपति हैं और एक बार जब आशंकित आत्मघाती हमले की चेतावनी के संदर्भ में पुतिन की यात्रा की संभावना संदेहास्पद सी हो चली थी तब ईरानी मेजबानों ने यहाँ तक कहा था कि ये रूसी राष्ट्रपति को ईरान नहीं आने देने की पश्चिमी देशों द्वारा 'प्लांट' की गई अफवाहें हैं और ईरान में कोई ऐसा आतंकी गिरोह सक्रिय नहीं है जो वहाँ की सरकार की मर्जी के खिलाफ किसी तरह की कारगर हरकत कर सकने की हैसियत रखता हो। थोड़ा बहुत अंदेशा सूडानी, लेबनानी और इराक के सुन्नी असंतुष्ट गिरोहों से था मगर उनसे भी सारी जानकारियाँ खंगाल ली गई थीं और इरानियों ने पूरी जिम्मेदारी लेते हुए कहा था कि कोई पुतिन की तरफ आंख उठाकर देखने भी नहीं पाएगा।

रूसी राष्ट्रपति ने तेहरान पहुँचकर दो टूक लहजे में कहा कि किसी भी देश के भूभाग का बेजा इस्तेमाल दूसरे पड़ोसी देश का अतिक्रमण करने के लिए नहीं किया जा सकता और कैस्पियन देशों में से तो किसी को भी ऐसा करने की इजाजत नहीं दी जा सकती। **यह देखना संबंधित कैस्पियन देश की जिम्मेदरी है कि वह अपने किसी भूभाग को किसी दूसरे देश की सैनिक इच्छाओं के पालन का माध्यम नहीं बनने दे। ईरानी राष्ट्रपति अहमदीनेजाद के विचार भी जैसे पुतिन के विचारों की ही अनुगूंज थे।** बकौल अहमदीनेजाद खुद कैस्पियन देशों को इस बात की ताईद रखनी चाहिए कि कोई और देश किसी तरह का लालच देकर उनके अन्दरूनी मामलों में दखलदांजी की हिमाकत नहीं करे। अहमदीनेजाद ने कहा कि सभी कैस्पियन देश इस बारे में एकमत होने चाहिए कि वे कैस्पियन सागर और सागर देशों से जुड़े हर मसले को आपसी बातचीत से ही सुलझाएंगे और किसी अन्य देश की फौजी या जंगी जहाज को अपने इलाके में दाखिल नहीं होने देंगे और किसी जबरदस्ती की हालत में सभी मिलकर अतिक्रमणकारी का विरोध करेंगे।

ये सारी बातें सुनने में तो बड़ी आसान और आकर्षक लगती हैं मगर असली मुद्दा **कहीं और है वही मुद्दा रूस समेत कैस्पियन सागर के तट पर बसे सभी देशों को मथ रहा है। कैस्पियन देश जिनमें रूस, ईरान, कजाकस्तान, तुर्कमीनिस्तान और अजरबैजान शामिल हैं, दुनिया के तीसरे सबसे बड़े ऊर्जा भंडार हैं।** कैस्पियन तल में तेल है, गैस है, हाइड्रोकार्बन और पेट्रोलियम उद्योग के काम आ सकने वाली दूसरी गैसे हैं। यह विशाल ऊर्जा भंडार 1991 के सोवियत संघ के विघटन के बाद से निस्पंद-सा है क्योंकि रूस के अलावा इनमें से किसी में न तो वह आर्थिक दमखम है और न वैसी तकनीकी विशिष्टताएं जो सागरतल में छिपे इन तैलीय और गैसीय रत्नों का दोहन कर सके। रूस किसी भी कीमत पर इस क्षेत्र में अमेरिकी और पश्चिमी देशों को दखल देने की इजाजत नहीं दे सकता क्योंकि ऐसा होना उसके समुद्रीय प्रवेशद्वार पर शत्रुओं की दस्तक की तरह होगा।

पुतिन इस बात से बहुत परेशान हैं कि कुछ कैस्पियन देशों को जिनके आर्थिक संसाधन बहुत सीमित हैं, उन्हें अमेरिकी डालरों की चकाचौंध अपनी ओर आकर्षित कर सकती है। एक देश तो ऐसे अमेरिकी प्रस्ताव पर विचार कर रहा है जिसके तहत एक ऐसी

PDF Created with deskPDF PDF Writer - Trial :: http://www.docudesk.com

पाइपलाइन बिछाने की तैयारी हो रही है जो रूसी समुद्र सीमा से काफी हटकर गुजरेगी और जिसके जरिए कैस्पियन खाड़ी से हाइड्रोकार्बन सीधे पश्चिमी देशों तक पहुँचाया जा सकेगा।

एक अंतर्कथा यह भी है कि तीन छोटे कैस्पियन देशों और ईरान में एक मुद्दे को लेकर भारी मतभेद है। ईरान का कहना है कि कैस्पियन सागर की तेल गैस संपदा पर पांचों तटवर्ती देशों का बराबर का अधिकार होना चाहिए। जबकि कजाकिस्तान, तुर्कमीनिस्तान और अजरबैजान का कहना है कि जिस देश के पास कैस्पियन सागर का जितना समुद्री तट है उसे उसी अनुपात में हिस्सा मिलना चाहिए। ऐसा होने पर ईरान की हिस्सेदारी बहुत कम हो जाएगी। यह स्थिति ईरान को स्वीकार नहीं है। वह सबकी बराबरी की बात करता है।

रूस को दोनों में से किसी प्रस्ताव पर ऐतराज नहीं है क्योंकि उसका कैस्पियन समुद्रतट किसी भी दूसरे देश से कम नहीं और अगर बराबर की बात हो तो भी उसे ऐतराज नहीं। ईरान चाहता है कि रूस अपने प्रभाव का इस्तेमाल करके उसे बराबरी का हिस्सा दिला दे। रूस ऐसा तब तक करने का निश्चित वचन नहीं देना चाहता जब तक उसे इस बात का भरोसा नहीं हो जाए कि ईरान रूसी कंपनियों को ही तेल कूपों और गैस क्षेत्रों को विकसित करने का ठेका देगा। दूसरी ओर छोटे कैस्पियन देश तो रूस पर निर्भर रहते ही आए हैं और उन्हें अमेरिकी तथा पश्चिमी देशों के प्रलोभनों के जोखिम जिनमें रूसी सैनिक हस्तक्षेप का जोखिम भी शामिल है, मालूम है।

रूस-ईरान वार्ता की तात्कालिक प्रासंगिकता इसलिए और भी बढ़ गई थी और सारे जोखिम उठाकर भी पुतिन इसलिए ईरान यात्रा पर पहुँचे कि उन्हें एक ओर तो अमेरिका को ईरान के विरुद्ध किसी तरह के सैनिक हस्तक्षेप से निरुत्साहित करना है और दूसरी ओर कैस्पियन सागर की अथाह ऊर्जा संपदा में रूसी हितों को वरीयतापूर्वक सुरक्षित करना भी है।

'राष्ट्रीय सहारा' दिल्ली, दि. 23.10.2007 से साभार

PDF Created with deskPDF PDF Writer - Trial :: http://www.docudesk.com

इस्लामी आतंक

कश्मीर में अब मंदिरों पर कब्जे का दौर

कोई कहे कि कश्मीर में मंदिर तोड़े जा रहे हैं, तो आप कहेंगे इसमें नया क्या है। नई बात यह है कि अब नष्ट मंदिरों की संपत्ति पर बड़े पैमाने पर कब्जे हो रहे हैं। यह बात उप मुख्यमंत्री भी स्वीकार करते हैं और मौलवी एजाज जैसे कानूनदां भी, जो कब्जा करने वालों को घाटी का 'टेंपल लैंड माफिया' कहते हैं।

कश्मीरी पंडित संघर्ष समिति के संजय टिक्कू कहते हैं कि आतंकी हिंसा शुरू होने से अब तक 565 प्रमुख मंदिर जलाए जा चुके हैं। गली-मोहल्लों के मंदिर गिने जाएं तो तादाद दो हजार से अधिक है। एडवोकेट मौलवी एजाज का आरोप है, 'मंदिरों की संपत्ति बेची जा रही है। घाटी में टेंपल लैंड माफिया सक्रिय है। हिन्दू-मुस्लिम व नौकरशाही सब इसमें शामिल हैं। लैंड एबालिशमेंट एक्ट मंदिरों की संपत्ति पर लागू नहीं होता, लेकिन यहां उसकी आड़ में अपने चहेतों को मंदिरों की जमीन बांटी जा रही है। बाबा धर्मदास मंदिर की 14,000 कनाल जमीन थी, जो इसी एक्ट की आड़ में बेच दी गई।' शायद इसलिए विभिन्न धार्मिक संगठनों ने मंदिरों की संपत्ति बेचने की सीबीआई जांच की मांग की है। बसंतबाग मंदिर के पास अपना ऑटो रिक्शा साफ कर रहे अख्तर का कहना है कि पहले यहां भट्ट पूजा करते थे, पर उसने इस सवाल पर चुप्पी साध ली कि मंदिर किसने जलाया, कौन पत्थर उखाड़ रहा है। प्राचीन मंदिरों के विशाल परिसर और उनकी संपत्ति पर कब्जे से चिंतित **उप मुख्यमंत्री मुजफ्फर हुसैन बेग कहते हैं कि राज्य सरकार मंदिरों की सुरक्षा के लिए विधेयक लाने जा रही है। एक अथॉरिटी बनेगी, जो प्रशासन के साथ मिलकर मंदिरों की देखभाल करेगी। मंदिरों की संपत्ति पर कब्जा करने वालों के खिलाफ हम कार्रवाई करने जा रहे हैं।**

पनुन कश्मीर के डॉ. अजय चुरंगु मंदिर बिल से उत्साहित नहीं हैं। उनके संगठन ने 55 मंदिर कमेटियों की सहमति से एक मसौदा सरकार को सौंपा था। वह कहते हैं कि 'हम देखना चाहते हैं, सरकार हमारे कितने सुझाव बिल में शामिल करती है। हम चाहते हैं कि समिति में कोई गैर हिन्दू न हो।' नष्ट मंदिरों की मूर्तियों का कहीं ब्यौरा नहीं है। धर्मार्थ ट्रस्ट के एक अधिकारी ने कहा कि मंदिरों के बड़े-बड़े पत्थर खास घरों की दीवारों में लगे हैं। एपीएमसीसी (आल पार्टी माइग्रेंट्स कोआर्डिनेशन कमेटी) के विनोद पंडित के अनुसार कितनी प्राचीन मूर्तियां बिक चुकी हैं, इसकी गिनती नहीं। मंदिरों और शैववाद के विशेषज्ञ प्रो. एम.एल.कौल कहते हैं कि **जैनाकदल में खानकाह, मां काली के मंदिर पर ही बनी है। इसे सय्यद मीर हमदानी नामक मुस्लिम संत के कहने पर सिकंदर बुतशिकन ने तोड़ कर खानकाह बनवा दी।** उधर, कई संगठन मंदिरों के किवाड़ फिर से खोल रहे हैं। विनोद पंडित कहते हैं कि हमने दस मंदिरों के किवाड़ खोले, लेकिन बाद में स्थिति आतंकवाद के चरम दौर वाली हो गई। हमने किवाड़ खोले तो सबने सराहा, प्रशासन ने वाहवाही लूटी; लेकिन बाद में हमारे लोगों की सुरक्षा वापस ले ली गई।

'दैनिक जागरण', दिल्ली, दि. 30 दिसम्बर 2007 से साभार

जम्मू-कश्मीर में जिहादी हिंसा- आंकड़ों की नजर से

PDF Created with deskPDF PDF Writer - Trial :: http://www.docudesk.com

श्रीनगर से प्रकाशित श्रीनगर मेल के अनुसार जम्मू-कश्मीर में 2007 में सबसे कम 926 हिंसक घटनाएं हुई जबकि 1995 में सबसे अधिक 5946 घटनाएं हुई थीं। **जम्मू-कश्मीर में गत दो दशकों में लगभग 70,000 हिंसक घटनाओं में हजारों लोगों की मौत हो गई,** सैंकड़ों लोग विकलांग और अनगिनत बेघर हो गए। सरकारी सूत्रों से मिली सूचना के अनुसार राज्य में गत दो दशकों के दौरान सुरक्षा बलों पर आतंकवादियों की ओर से 6065 ग्रेनेड हमले किए गए। सैनिक व अर्द्ध सैनिक बलों पर सबसे अधिक ग्रेनेड हमले 1994 में हुए जिनकी संख्या 821 है। 1990 में 242 ग्रेनेड हमले किए गए जबकि 1991 में 402, 1992 में 409, 1993 में 678, 1994 में 821, 1995 में 579, 1996 में 444, 1997 में 168, 1998 में 187, 1999 में 201, 2000 में 201, 2001 में 373, 2002 में 283, 2003 में 199, 2004 में 243, 2005 में 152, 2006 में 226, और 2007 में अब तक 98 ग्रेनेड हमले सुरक्षा बलों और अर्द्ध सैनिक बलों पर किए गए। आतंकवादियों ने सबसे अधिक बारूदी विस्फोट 1990 में किए जिनकी संख्या 1280 है, जबकि सबसे कम बारूदी हमले 2006 में हुए जिसकी संख्या केवल 47 है। इसके अतिरिक्त सरकारी सूत्रों ने इस बात की भी जानकारी दी है कि 1990 से लेकर 2007 तक 21,309 दोतरफा गोलीबारी की घटनाएं हुई जिनमें सबसे अधिक घटनाएं 1995 में हुई जिनकी संख्या 1891 है। 2007 में दोतरफा गोलीबारी की 343 घटनाएं हुई। सुरक्षा बलों पर हमलों की - 1990 में 732, 1991 में 1351, 1992 में 1934, 1993 में 2288, 1994 में 2675, 1995 में 2570, 1996 में 1473, 1997 में 1149, 1998 में 1181, 1999 में 1209, 2000 में 1498, 2001 में 1109, 2002 में 870, 2003 में 683, 2004 में 481, 2005 में 327, 2006 में 330 और 2007 में अब तक189 घटनाएं हुई हैं।

'पांचजन्य' दिल्ली, दि. 9 दिसम्बर 2007 से साभार

शराफत आजकल स्वप्न सी लगती है,
शरारत ही अब तो शराफत लगती है।
भले इन्सान गुण्डा कहे जाते हैं,
ज्ञान की बात भी शिकायत सी लगती है।
उल्टे सीधे शब्दों को तोड़ना जोड़ना,
आज के जमाने में गज़ल सी लगती है।
सच्ची कहानी भी सुनता नहीं कोई,
सारी कहानी बस फिल्म सी लगती है।
प्रेम करना गुनाह हो गया "प्रदीप"
मोहब्बत भी दुश्मनी सी लगती है।

संजय कुमार चतुर्वेदी "प्रदीप"
निमचेनी, मितौली, लखीमपुर खीरी, उत्तर प्रदेश-262727

PDF Created with deskPDF PDF Writer - Trial :: http://www.docudesk.com

कांग्रेसी पंथनिरपेक्षता

मुस्लिम पीड़ितों को राहत, हिन्दुओं को कोरे वायदे

जम्मू-कश्मीर में भाजपा तथा कुछ अन्य संगठनों ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस के नेतृत्व में चल रही गठबंधन सरकार पिछली सरकारों से भी कहीं आगे बढ़कर सांप्रदायिकता दर्शा रही है। **प्राकृतिक आपदाओं तथा उग्रवाद से प्रभावित लोगों को सरकारी सहायता उपलब्ध कराने में भेदभाव किया जा रहा है। उन्हें उनके मज़हब के अनुसार ही राहत के तराजू पर तौला जा रहा है।**

इस संबंध में उन्होंने इस बात का तो स्वागत किया है कि गत माह किश्तवाड़ जिले के वादवन क्षेत्र में गांव मारगी में विनाशकारी आग से प्रभावित लोगों को बड़े स्तर पर सहायता उपलब्ध कराई गई है, किन्तु शिकायत है कि दूसरे कई ऐसे अवसरों पर इतनी तेजी से मरहम नहीं लगाया गया है। **सबसे बड़ी आपत्ति इस बात पर जताई गई कि डेढ़ वर्ष पूर्व जिला डोडा के कुलहंद गांव में उग्रवादी नरसंहार का शिकार होने वालों को भी अभी तक कोई सहायता नहीं दी गई है जबकि केन्द्रीय रक्षा मंत्री श्री प्रणव मुखर्जी के साथ राज्य के मुख्यमंत्री श्री गुलाम नबी आजाद वहां इसका वायदा कर आए थे।**

गत 22 अक्तूबर को वादवन के मारगी गांव में रहस्यमयी आगजनी में 166 घर और घास के छप्पर जलकर नष्ट हो गए थे। कई पशु भी इस आगजनी में मारे गए और अनेक लोग घायल हुए थे। मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद घटनास्थल पर स्थिति की समीक्षा करने और सहायता वितरित करने के लिए दो बार गए। इसके अतिरिक्त इस गांव के पीड़ित 63 युवकों को सरकारी नौकरियां भी दी गईं, टैंट शिविर उपलब्ध कराए गए क्योंकि सर्दी के इस मौसम में इन दिनों दूरदराज के इस क्षेत्र में नए मकान बनाना संभव नहीं था।

किन्तु निष्पक्ष विचार वाले लोगों की शिकायत है कि इसी जिले में पाडुर और अन्य स्थानों पर भी तबाही की ऐसी ही घटनाएं हुई हैं, किन्तु कई-कई महीने बीत जाने के पश्चात् भी न कोई बड़ा नेता वहाँ पहँचा और न ही कोई सरकारी सहायता उपलब्ध कराई गई।

सबसे बड़ी शिकायत यह उभर कर सामने आ रही है कि 30 अप्रैल 2006 की रात्रि सशस्त्र उग्रवादियों के एक बड़े गिरोह ने कुलहंद गांव पर आक्रमण किया था। हथगोलों सहित अंधाधुंध गोलियां बरसाईं। इस आक्रमण में 35 लोग मारे गए, 30 से अधिक घायल हुए थे। इस नरसंहार के पश्चात घटनास्थल पर केन्द्रीय रक्षा मंत्री श्री मुखर्जी, राज्य के

PDF Created with deskPDF PDF Writer - Trial :: http://www.docudesk.com

राज्यपाल ले. जनरल (से.नि.) एस.के.सिंह तथा राज्य के मुख्यमंत्री आजाद भी गए थे। रक्षामंत्री ने इस क्षेत्र के युवकों को सेना में भर्ती करने की बात कही थी। मुख्यमंत्री ने प्रभावित परिवारों के एक-एक सदस्य को नौकरी देने के अतिरिक्त वहां 12 बिस्तरों का एक अस्पताल तथा सड़क बनाने का वायदा किया था। उन्होंने सुरक्षा प्रबंधों के लिए ग्राम सुरक्षा समितियां गठित करने का वायदा भी किया था।

किन्तु कई दिन तक जब सुरक्षा के प्रबंध नहीं हुए तो भाजपा के कार्यकर्ताओं ने डोडा तथा जम्मू में कई दिनों तक धरना दिया, जिसके पश्चात ग्रामीण युवकों को पुरानी 303 रायफलें दी गईं। अब उनकी शिकायत है कि **उग्रवादी घटनाओं के जवाब में गोलियां खर्च हो जाती हैं तो उनके स्थान पर और गोलियां उपलब्ध नहीं कराई जातीं, न ही इस क्षेत्र में ग्राम सुरक्षा समितियों को मान्यता देकर उन्हें मासिक भत्ता दिया जाता है। उल्लेखनीय है कि डोडा तथा किश्तवाड़ जिले उग्रवाद के गत 18 वर्ष से सदा ही चर्चा मे रहे हैं। राज्य के इस भाग में सबसे अधिक नरसंहार हुए हैं, जिसमें सैंकड़ों लोग मारे गए हैं।**

'पांचजन्य' साप्ताहिक नई दिल्ली, दि. 2 दिसम्बर 2007 से साभार

जम्मू-कश्मीर में तेजी से पनपता हवाला कारोबार

जम्मू-कश्मीर में तेजी से पनपते हवाला कारोबार ने यहाँ सुरक्षा व खुफिया एजेंसियों की नींद उड़ा दी है। पिछले 10 सालों में इस आतंकवाद ग्रस्त राज्य में करीब डेढ़ हजार करोड़ रुपये हवाला के जरिए आ चुका है जबकि अब तक ढाई करोड़ रुपये ही पकड़ा गया है। हवाला के तार दिल्ली, मुंबई, कोलकाता से लेकर विदेशों तक जुड़े हैं। हवाला के जरिए आतंकवादियों को 1990 के बाद से हर माह रकम दी जा रही है। हवाला कारोबार में कुछ लोग पकड़े गए हैं लेकिन वह कमजोर कानून के चलते छूट गए हैं।

खुफिया व सुरक्षा एजेंसियों के सूत्रों के मुताबिक **हुर्रियत कांफ्रेंस को अब तक 117 करोड़ रुपये, चरमपंथी नेता सैयद अली शाह गिलानी की तहरीक-ए-हुर्रियत को 50 करोड़ रुपये वर्ष 1990 से लेकर अब तक मारे गए आतंकवादियों के परिजनों को 596 करोड़ और सन् 1990 से अब तक सक्रिय आतंकवादियों को प्रति माह दिए जाने वाली रकम के तौर पर 175 करोड़ रुपये बांटे गए हैं।** कई अलगाववादी नेताओं को विदेशों से मोटे चंदे के नाम पर हवाला से धन मिल रहा है। इनमें चरमपंथी नेता सैयद अली शाह गिलानी, मोहम्मद यासीन मलिक, नईम खान, फरीदा बहनजी और शब्बीर शाह भी शामिल हैं। हवाला राशि का बड़ा हिस्सा हिजबुल मुजाहिद्दीन के सुप्रीमो सैयद सलाउद्दीन के मार्फत विभिन्न चैनलों से आता है।

बड़े हवाला मामलों में सात लाख रुपये श्रीनगर में 1997 में अलमदार ट्रस्ट के लिए दिवंगत अब्दुल गनी लोन ने वसूले थे। वर्ष 2001 में 40 लाख रुपये हिजबुल मुजाहिद्दीन के अब्दुल रशीद लोन उर्फ मौलवी से बरामद किए गए थे। वर्ष 2002 में बटमालू (श्रीनगर) में इम्तियाज अहमद से 82 लाख रुपये पकड़े गए थे जो जैश-ए-मोहम्मद, हिजबुल मुजाहिद्दीन, सैयद अली शाह गिलानी और आसिया को दिया जाना था। वर्ष 2002 में ही कुद (उधमपुर) में एक लाख अमेरिकी डालर पकड़े गए जो मुशताक अहमद डार व शमीमा उर्फ शाजिया के जरिए जेकेएलएफ नेता यासीन मलिक के लिए श्रीनगर जा रहे थे। अभी हाल ही में एक गैस सिलेंडर में ले जा रहे 50 लाख भी पकड़े गए हैं। चरमपंथी नेता

PDF Created with deskPDF PDF Writer - Trial :: http://www.docudesk.com

सैयद अली शाह गिलानी का जेद्दा में रह रहा दामाद अरब देशों में रह रहे कश्मीरी व्यावसायियों से चंदा एकत्रित कर गिलानी को भेजता है। बताया गया है कि गिलानी ने यूएई में संपत्ति खरीदी है। वैसे आई.एस.आई. के ब्रिगेडियर राठौर ने भी श्री गिलानी को पैसा भेजा है। दरअसल भारत-पाक सीमा पर तारबंदी व कड़ी चौकसी के कारण आतंकवादियों को पैसा लाने में दिक्कतें आ रही हैं। इसलिए हवाला का धन अब नेपाल व बांग्लादेश के जरिए भारत आ रहा है। आतंकवादी अथवा अलगाववादी इस हवाला धन का प्रयोग रीयल इस्टेट व शेयर कारोबार में कर रहे हैं। बताया गया है कि अरब व पाकिस्तान के अलावा यूरोप व अमेरिका से भी हवाला धन यहां लाया जा रहा है।

अकेले जम्मू-कश्मीर में करीब 1500 करोड़ हवाला धन आ चुका है जबकि पकड़ा गया मात्र ढाई करोड़ रुपये।

'राष्ट्रीय सहारा' दिल्ली, दि. 3.12..2007 से साभार

पुस्तक समीक्षा

पुस्तक का नाम : **हिन्दू समाज संकटों के घेरे में**

लेखक : सीताराम गोयल

प्रकाशक : भारत भारती, 2/18 अंसारी रोड, नई दिल्ली-2

पृष्ठ-61, मूल्य : 10 रुपये

प्रस्तुत पुस्तक में विद्वान् लेखक ने उन कारकों को चिहि्नत किया है जो भारतीय संस्कृति को घुन की तरह धीरे-धीरे नष्ट कर रहे हैं तथा हिन्दू समाज अपनी लंबी तंद्रा से जाग नहीं रहा है। भारतीय समाज के क्षय के कारक हैं - इस्लामवाद, ईसाईवाद, मैकालेवाद, कम्युनिस्टवाद और स्वार्थी राजनीतिबाज़। पुस्तक की विषयवस्तु को 1. हिन्दू समाज की महिमा, 2. साम्राज्यवाद का अवशेष : इस्लामवाद, 3. साम्राज्यवाद का दूसरा अवशेष : ईसाईवाद, 4. साम्राज्यवाद का तीसरा अवशेष : मैकालेवाद, 5. कम्युनिस्ट कूटचक्र तथा 6. दस्युदलों का संयुक्त मोर्चा छह भागों में विभक्त करते हुए उक्त विषयों पर सटीक विवेचन प्रस्तुत किया है और 'मैकालेवाद' को हिन्दू समाज के लिए अधिक घातक बताया है जो भारतीय समाज का भयंकर क्षयरोग की तरह धीरे-धीरे अवसान कर रहा है -

"यह वाद इस्लामवाद जैसा हलाहल भी नहीं है जो एक ही डंक में किसी भी संस्कृति का प्राणान्त कर दे। न ही यह ईसाईवाद जैसा कुटिल कुचक्र है जो भीतर ही भीतर किसी समाज को खोखला कर डाले। यह तो एक ऐसा क्षय रोग है

PDF Created with deskPDF PDF Writer - Trial :: http://www.docudesk.com

जो धीरे-धीरे बढ़कर किसी भी संस्कृति की आत्मा को अवसन्न कर देता है और शनैः शनैः सारे समाज का शीलभ्रष्ट करता रहता है और इसकी मार से भारतवर्ष का कोई भी वर्ग नहीं बच पाया है।

अपने विषय का प्रतिपादन का आरंभ करते हुए लेखक ने 'हिन्दू समाज की महिमा' का वर्णन किया है जिसे प्रत्येक हिन्दू को संज्ञान में लाना अनिवार्य भी है और हितकारी भी -

"उस युग को बीते हुए बहुत दिन नहीं हुए जबकि हिन्दू संस्कृति सारे सभ्य संसार में सर्वश्रेष्ठ मानी जाती थी। इस देश के ऋषि और मुनि, संत और महात्मा, पंडित और विज्ञानवेत्ता, संस्कृति दूत और सार्थवाह, हिन्दू संस्कृति के संदेश एशिया तक, अफ्रीका के ओर-छोर तक ले गए थे। मिस्र और इथियोपिया, असरिया, बेबीलोनिया, कैल्डिया और ईरान, बर्मा, चीन, जापान, कोरिया, मंगोलिया, हिन्दचीन, इंडोनेशिया, मलाया और थाईलैण्ड, पश्चिमी एशिया, ग्रीस और रोम - सैंकड़ों जातियों और संस्कृतियों को अध्यात्म और दर्शन, भाषा और साहित्य, विज्ञान और कला कौशल, रीति और नीति इस सत्य के साक्षी हैं कि हिन्दू संस्कृति से उन्होंने क्या-क्या पाया।"

आधुनिक संदर्भों में राजनीतिज्ञों की भूमि कितनी महत्वपूर्ण है इसको समझाने की आवश्यकता नहीं, परन्तु कुछ राजनीतिबाज़ भारतदेश को खण्ड-खण्ड करने पर लगे हुए हैं। स्वार्थसिद्धि उनका एकमात्र लक्ष्य है। इसकी ओर हिन्दू समाज को विशेष रूप से ध्यान देकर संगठित होना होगा। इस दिशा में लेखक ने स्पष्ट रूप से इंगित किया है -

..... इस प्रकार हिन्दू समाज इन दस्युदलों का शिकार ही नहीं हैं। वह समाज इन दलों के बीच खड़ी एक दीवार है। हिन्दू-प्रधान देश होने के कारण ही भारत सैक्युलरिज़्म की नीति पर चल सकता है। हिन्दू-प्रधान देश होने के कारण ही भारत एक लोकतंत्र भी है। दस्युदल यदि इस देश में अपनी मनमानी करते रहे तो सैक्युलरिज़्म और लोकतंत्र का अंत बहुत दूर नहीं रह जाएगा। इसलिए लोकतंत्र तथा सैक्युलरिज़्म के प्रति श्रद्धावान **हिन्दू समाज को अपना बचाव करने के लिए संगठित होना पड़ेगा। संगठित होकर ही हिन्दू समाज अपने अस्तित्व को अक्षुण्ण रख सकेगा,** धर्म की रक्षा कर पाएगा तथा अपने लिए और सारे संसार के लिए एक नई संस्कृति के युग का सूत्रपात करने में समर्थ होगा।

इस प्रकार लेखक ने जहाँ एक ओर हिन्दू समाज को विखण्डित करने वाले कारकों की विवेचना की है वहीं दूसरी ओर हिन्दू समाज की सुरक्षा करने का आह्वान किया है।

संपादक-मंडल

पुस्तक का नाम : **अलख (कविता संग्रह)**
लेखक : डॉ. सत्यनारायण जटिया 'सत्यज'
(पूर्व केन्द्रीय श्रम मंत्री, भारत सरकार)
प्रकाशक : अनिल प्रकाशन, 2619-20, न्यू मार्किट, नई सड़क, दिल्ली-110 006
मूल्य - 80 रुपये, पृष्ठ 53
समीक्षक : डॉ. रामशरण गौड़

सत्य, शिव और सुंदर का दर्शन

वस्तुतः यह काव्य संग्रह सत्य शिव सुंदर का दर्शन कराता है, जैसा कि काव्य के आरंभ में श्री शिवराज पाटील; पूर्व लोकसभा अध्यक्ष (अब केन्द्रीय गृह मंत्री) ने लिखा है। साथ ही यह कृति कवि के संवेदनशील, विचारक, दार्शनिक और बहुज्ञ के पक्ष को भी उजागर करती है। इस काव्य-संग्रह में विविध विषयों पर लिखी गई 42 कविताएं संगृहीत हैं। इन कविताओं में लोक-मंगल, देशभक्ति के प्रति निष्ठा तो सामाजिक समता, गरीबी, बेकारी, बेरोजगारी, शोषण, स्वार्थपरता, संकीर्णता, असमानता, आतंकपरकता और सांप्रदायिकता, अवसरवादिता, सत्तालोलुपता, धार्मिक आडंबर, सामाजिक विद्रूपता के विरुद्ध स्वर मुखरित हुआ है। इसके साथ कवि ने यांत्रिकता और धर्मनिरपेक्षता पर भी तीखा कटाक्ष किया है -

तंत्र नहीं, देश को लोकतंत्र दीजिए।

PDF Created with deskPDF PDF Writer - Trial :: http://www.docudesk.com

प्रकृति में निरपेक्षता नहीं सापेक्षता है।

कहा जाता है कि 'जहाँ न जाए रवि वहाँ जाए कवि। इस प्रचलित उक्ति को डॉ. सत्यनारायण 'सत्यज' ने सार्थकता प्रदान की है। अभी तक सूत्र था कि संगीत से दीपक जल जाते हैं। उन्होंने 'गीत से भी दीपक जल जाते हैं', का उल्लेख कर कविता की शक्ति से परिचय कराया है, जो मौलिक प्रयोग है -

गाए स्नेह गीत, गीतों से जलें दीप, दीप से दीप जलाएं।

कवि सांस्कृतिक एकता, मानवीयता और संकल्प चेतना के प्रति आदि से अंत तक सजग दिखाई पड़ता है।

मनुष्य तो वही जो विजन में सृजन भर दे
है वही मनुष्य जो, निराशा में आशा भर दे।

शब्द संरचना ही कवि के श्रेष्ठ साहित्य की श्रेष्ठता का प्राण होती है। डॉ. सत्यनारायण 'सत्यज' में शब्द संयोजन की अद्‌भुत क्षमता है-

अनिल, अनल, जल
संतत युक्त रहे अनयास
और - जबहिं विभक्त तत्त्व होई जाई
तबहिं जीव चिरजीव कहाई

इस काव्य संकलन की सभी कविताएं उत्कृष्ट हैं। अत: हिन्दी काव्य का एक चमकता मुक्ता है जिसका साहित्य संसार में स्वागत हुआ है। इस श्रेष्ठ रचना के लिए डॉ. सत्यनारायण 'सत्यज' साधुवाद के पात्र हैं।

फार्म संख्या - IV (नियम 8 देखिए)

1. प्रकाशन का स्थान	:	दिल्ली
2. प्रकाशन की अवधि	:	द्विमासिक
3. मुद्रक का नाम	:	देवेन्द्र मित्तल
क्या भारत का नागरिक है ?	:	हां
4. प्रकाशक का नाम	:	देवेन्द्र मित्तल
क्या भारत का नागरिक है ?	:	हां
5. पता	:	3308, सेक्टर-डी-3, वसंत कुंज, नई दिल्ली-70
6. संपादक का नाम	:	प्रो. सतीश चन्द्र
क्या भारत का नागरिक है ?	:	हां

PDF Created with deskPDF PDF Writer - Trial :: http://www.docudesk.com

पता	:	166, वसंत एन्क्लेव, राव तुलाराम मार्ग, नई दिल्ली -110 057
7. उन व्यक्तियों/संस्था का नाम व पते जो समाचार-पत्र के स्वामी हों तथा जो समस्त पूंजी के एक प्रतिशत से अधिक के साझेदार या हिस्सेदार हों	:	सांस्कृतिक गौरव संस्थान डाक पेटी संख्या 5016, सेक्टर-5, रामकृष्णपुरम्, नई दिल्ली-110 022

मैं, सविनय एतद्द्वारा घोषित करता हूं कि मेरी अधिकतम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार ऊपर दिए गए विवरण सत्य हैं।

ह. देवेन्द्र मित्तल

Editorial Article

Iran & Arabs : A brief Historical perspective

Iranians have a record of a proud civilisation which once spread from Mediterranean sea to N.W. Bharat and from Red sea through Arabia to Central Asia. Cyrus and Darius are known to be builders of first world empire. If ever, one were to write a political history of the world, they would consitute its first chapters. Their language-Persian close to Sanskrit, is a language which is rich in literature and Iranians are truly proud of it. They had strong cultural links with India before the advent of Islam, as fire worship was practiced in both the societies.

The Arabs, divided into tribes and tribal formations like *Ghassanids* and *Lakhamids*, rendered allegiance to more powerful Romans and Persians respectively so much that they were known as 'Roman Arabs' and 'Persian Arabs. It was a period when Persians dominated the region.

PDF Created with deskPDF PDF Writer - Trial :: http://www.docudesk.com

But the rise of Islam in Arabia changed the picture altogether. The tribal integration under Islam and the knowledge that Persian hold over North Arabian lands was weakening, led them to seize the moment defeating the mighty Persian armies. The pride of Persians lay in ruins. But, despite their defeat they did not reconcile to their inferior status. What they lost politically was made good by asserting their superior culture. The nomadic Arabs were no match to the sophistication and the enlightenment of the Persians. The Arabs began to be gradually Iranized. The Arabs were simpletons as compared to the Iranians who were smart urbane and intelligent. Thus began a struggle for supremacy with Arabs. In a matter of couple of centuries and though Arab political hold gradually disappeared, Iran was 'Arab Islamised' for all time to come.

For the Iranians it was difficult to forget their pre-Islamic greatness. At heart they nurtured a contempt against the Arabs which erupted from time to time in their relations with them. Persian literature began to draw caricatures of gullible Arab. The denigration of the Arabs in Persian literature was so extensive that it took the form of a movement known as *Shuubiyye*. Arabs were mocked at every concievable opportunity. Infact the Iranians have not been able to forgive or forget this humiliating subjugation to the Arab.

The Arab expanded towards North and West i.e. Iraq, Syria, Palastine and North-Africa, in a blaze of rapid conquests one after the other which left the world dazed, There took place a total transformation of ethnic cultural and linguistic contours of the people. But the Arabs could not repeat the same story in their eastern conquests. **Iran despite being vanquished remained essentially Persian in character and civilisation.** Unlike the regions to the West, they did not accept Arabic language. The Sunni Islam that was thrust on them was ultimately rejected and Shiism – another variant of Islam – was adopted to keep its national identity sharp and clear of the Arabs in the West and Turks in the North. It also recalled its *irredentist* ambitions which led to a prolonged struggle with the Sunni Ottoman Turks, Iraq and Syria being the bone of contention between the two.

The rise of European Imperialism altered the regional political situation. Iran-Arab question abated though misunderstandings with the Arabs did not disappear. The British imperialists dismantled the Ottoman supremacy while establishing their own regime of Finance Capitalism in Middle East. The Iranian rulers as well as other local potentates of the area were reduced to a secondary position. The British influence led to Europeanization process of Iran. Constitutional revolution of 1905-06 was partially if not fully inspired by the British. Iranians were looking forward to constitutional monarchy with Majlis (Parliament) as their law making body. The event of this period bore political religious and economic overtones. Iran saw a period of intense factional politics which was used well by the British, who taking advantage of it forged ahead with agreements on the exploitation of oil. Anglo Iranian Oil Company (AIOC) was established and the British were able to extract concessions from them expanding areas of oil operations.

In 1925 the Modern History of Iran witnessed a new turning point as Shah Reza in a coup established himself as the monarch with authority. He initiated social reforms and economic development of Iran, improved roads and built a trans-Iranian railway system. As a matter of fact it was revival and reassertion of Iranian nationalism and pride which put Iran ahead of its Arab neighbourers. The discovery of oil in the Arabs states of Iraq and Saudi Arabia helped them to compete with Iran for oil incomes. The Arab-Iranian rivalry was becoming conspicuous. The Shah of Iran encouraged the purification of Persian language from Arabic words and extensive research studies in Persian literature were undertaken in the University of Tehran. The interest of western scholars was aroused and several Persian works were translated into English. E.G. Browne came out with a literary history of Persia which is one of the best works on Iran. Iranian national sentiments were emerging on the modern lines.

During the second world war the British became suspicious of Shah Reza's hobnobbing with Germany and as a result was forced to abdicate in favour of his son Reza Shah who barely survived an attempt to overthrow him by the communists led coup in 1953.

Iran and Arab politics begins to hot up in the period after 1953. The Arabs led by G. Abdul Nasser supported by U.S.S.R. opposed the western imperialism while Iran-Pakistan, Turkey and Iraq found in Baghdad Pact an opportunity to stop the rise of Arab nationalism which provided company to Russian communism. The Arab movement of nationalisation of their oil resources on the one hand and liberation of Suez Canal from British controls on the others, made the Arab masses to put up a united front but not so much with the Arab Governments. The coup in Iraq in 1958 knocked the bottom out of Baghdad pact which was revised to become Cento (Central Treaty Organisation). Iran and Pakistan become still more important in the Anglo-U.S. scheme of managing the cold war with U.S.S.R.

PDF Created with deskPDF PDF Writer - Trial :: http://www.docudesk.com

Iran was frequently criticised by the Arabs for its anti-Arab policies. It was accused for clandestine relationship with Israel to the disadvantage of the Palestinian Liberation Organisation in its bid to defeat and 'exterminate Israel from the map of the world'. The crushing defeat the Arabs received from Israel in 1967 made Iran the most powerful regional state in the area. The *Shahanshah* took the opportunity to grab three islands in the Persian Gulf, i.e., *Abu Musa, Tunbe Bazurg* and *Tunbe Khurd* which provoked a strong reaction from the Arabs of the Gulf. This question still continues to cause bitter feelings between Arabs and the Iranians. The disputes related to the continental shelf in the Persian Gulf also emerge from time to time between the Arab states and Iran though the *Shatt al-Arab* boundary question with Iraq was temporarily settled.

Iran and Saudi Arabia today represent the two nodal points in the region after Iraq suffered heavily in the Gulf war and consequent occupation of Iraq by the American troops. The Iranian revolution of 1979 was a watershed in the politics of West Asia. The religious fervour and western intrigues caused by their anxiety to control the Middle Eastern oil led to a bloody 8 year war with Iraq with the undertones of Sunni Arabs and Shiist Iran. The war did not decide anything except paying tragic human cost which is not unprecedented in the history of Islam. The Arab neighbours became ever more suspicious of Iran's *irredentism* formed out of its history and civilization. Saudi Arabia blamed Iranian *Shiite* activists for the Mecca Massacre in which hundreds lost their lives.

The *Kal Chakra* of history may have moved closer to the civilizational conflict as propounded by Huntington, but within the wider global conflict Sunni Arabs and Shiite Iranians are likely to continue their struggle with decisive consequences while trying to upstage each other (an Islamic compulsion) on their hostility towards Israel as a showpiece of service to Islam.

Further Readings

1. Richard Cottom : Nationalism in Iran, Pittsburgh, 1964
2. Sir Percy Sykes : A History of Persia, (in two volumes) London, 1954
3. Binder, Leonard : Iran, Political Development in Changing Society, Berkeley, 1962
4. Browne E.G. : A Literary History of Persia, (in four volumes), Cambridge, 1956
5. Grunebaum Von : (German Orientalist) Islam
6. Bernard Lewis : Arabs in History, London, 1950
7. Nicholson R : A Literary History of the Arabs, Cambridge, 1969
8. Goldzieher : Muslims Studies (A collection of Articles)
9. Enayat Hamid : Iran and the Arabs (a Monograph)
10. Philip Hitti : Arabs in History, Edinburg, 1970
11. Ghirishman R. : Iran- From the earliest times to the Islamic conquest, a Penguin book-1954 English translation from French version.

Economic scene : ABC of recession

What is a recession? **It is a protracted slowdown of the economy. The slowdown is usually classified as a recession if it lasts at least six months. The technical definition is 'two consecutive quarters in which the gross domestic product (GDP) decreases'. The GDP is all the goods, services and products a country produces.**

The typical symptoms of a recession are: **People buying less (retail decline). Decrease in factory output. Growing unemployment (in the US, unemployment recently rose to 5 per cent, another sign of an imminent recession). Slump in personal incomes. A dipping stock market.**

What causes the downward spiral? **As the saying goes, what goes up must come down. An economy that has undergone a long period of expansion will contract as part of the normal economic cycle. Most recessions are short-lived and followed by a growth spurt. The economy will typically expand for six to 10 years and then enter a recession for six months to two years. This is how it happens: Consumers don't feel confident about the economy, and spend less. Decreased demand forces producers to lay off employees. The laid-off workers spend less, further depressing demand. This makes investors fear a fall in stock values, they invest less, sell what they have. Stock markets crash.**

PDF Created with deskPDF PDF Writer - Trial :: http://www.docudesk.com

How do economies get out of a recession? **Tax cuts are a common tool used by governments - the more money people get to keep, the more they spend. Another popular tool is an increase in government spending, resulting in more jobs. This was how Franklin Roosevelt tried to end the Great Depression. However, the present trend is to favour private sector growth instead. Monetary policy. The US Federal Reserve has just introduced a 0.75 per cent cut in interest rates, a desperate measure to cushion the recessionary fall. The Fed's counterparts - in India, it's the Reserve Bank - across the world can adopt the same measure or increase holdings in government bonds, a way of infusing money into the government's coffers.**

How a recession in the US will affect India **A slowdown in India's export industries like information technology, BPO, pharma, textiles, gems and jewellery. It could slow the rate of India's overall growth. The impact on the economy would be limited as India is predominantly a domestic demand-led economy. A weak dollar could lead to a flood of foreign money in Indian markets, which can't be insulated. Oil could get cheaper, easing inflation. Loans could get cheaper too.**

courtesy

Uncalled for apology

-Prafull Goradia

Prof. Devendra Swarup has got it all wrong on the demolition of Babri Masjid

Even after 15 years, the significance of the Babri Masjid demolition has not been widely understood. Even a historian of the stature of Prof Devendra Swarup is more apologetic and less objective in his commentary published by The Pioneer on December 1, 2007. **He has talked of the demolition having left a bad memory and he went to the extent of differing with writers Nirad C Chaudhuri and VS Naipaul, who had welcomed the event as a piece of justice.**

Prof Swarup wanted the edifice to last longer and hoped for a settlement. Did he not realise that a *momin* has only three alternatives before him? Ideally, to live in a *dar-ul Islam.* Alternatively, to struggle in a *dar-ul Harb* till victory is won. If victory appears impossible, he should undertake a *hijrat* to a Muslim homeland. Little wonder Syed Shahabuddin had in the columns of this journal, asserted that if there is a conflict between identity and development, the Muslim would prefer identity.

Can anyone recall a settlement on this sub-continent between Hindus and Muslims in the course of the past 1000 years? It has been a millennium of strife, victory or defeat, but no settlement.

Prof Swarup's comments reflect the Hindu diffidence caused by a millennium of debacles and humiliations. His reference to Marxist historians is justified but a deep enough diagnosis of the Communist mentality would show that the 'reds' are the masochistic fringe of the Hindu community that has dreaded Muslim oppression. They obtain pleasure by inflicting pain upon themselves by running down their own community while retaining names like Har Kishan, Sitaram and Gopalan.

The Marxists are not alone to blame; some Hindu leaders are also guilty. For example, they have never demanded an apology from Muslims for any of the nine mega crimes perpetrated by their community on Hindus.

The Governments in India have taken the boycott of *Vande Mataram* lightly although, in effect, Muslims refusing to participate is an insult to the nation. *Vande Mataram* was the song of the independence movement and would have been the national anthem but for Jawaharlal Nehru's weakness for Muslim prejudices. *Jana Gana Mana* was, therefore, chosen, although it was originally written as a tribute to King George V.

Hindu-Muslim riots were mostly started by the latter. If this were not so, why have there not been Hindu-Christian riots even in districts where the latter are dominant, as in Nagarcoil?

Until the political advent of the British, the communal equation was so loaded that the Muslims felt secure. Once Muslims were also reduced to subject status, their insecurity began, the corollary of which

PDF Created with deskPDF PDF Writer - Trial :: http://www.docudesk.com

